The HRM policy of the Bank aims at effective personnel management through planning, recruitment & retention practices, employees' training & development, evaluation and employee benefits. The Bank ensures a congenial environment for the employees where they can give their best. Retention of the employees is given priority. The Bank has adopted hand holding strategy to ensure that, the new entrants are properly guided and trained in their initial 2 years of probation so as to make them feel at home and to retain them in the Bank.

Continuous promotion process through fast track channel and selection of officers internally through a selection process for key verticals is in place for retaining the talented staff. Bank is reimbursing examination fees besides paying incentive for passing various professional examinations like NISM, IRDA, CISA, CISSP, ORACLE, risk management examinations, courses conducted by IIBF etc. with the objective of talent grooming and retention.

Deputation to Other Organizations

The Bank has deputed its officers to Ministry of Finance, Department of Financial Services and other organizations like CBI, DRT, National Academy of RUDSETI and Bharatiya Mahila Bank Ltd as per the request of Ministry of Finance, Department of Financial Services/other organizations.

Reservation to SC/ST/OBC

The Bank follows the reservation policy for SCs, STs and OBCs as prescribed by Government of India and State Governments from time to time and has been extending applicable reservations/concessions to SC/ST/OBC/PWD employees in recruitment/promotions strictly as per Government guidelines.

A separate SC/ST cell and OBC Cell are functioning at Head Office to redress the grievances of SC/ST/OBC employees working in the Bank and are currently headed by General Managers designated as Chief Liaison Officer. Meetings

गया है। उनकी शिकायतों के निवारण हेतु अ.जा./अ.ज.जा. कल्याण संघों के साथ नियमित रूप से बैठकें की जाती हैं। हमारे क्षेत्रीय कार्यालयों में राष्ट्रीय अ.जा./अ.ज.जा. आयोग के अधिकारियों/सदस्यों के निरीक्षण के दौरान मुख्य संपर्क अधिकारी उनके साथ बैठक में भाग लेते हैं। आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की प्रगति को वर्ष में एक बार निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। सरकारी के निर्देशों के अनुपालन हेतु पद आधारित आरक्षण रोस्टर बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है।

बैंक में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन

बैंक में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली का कार्यान्वयन किया जा रहा है। यह एक केन्द्रीकृत एचआरएमएम समाधान है जो बैंक के सभी कर्मचारियों/पेंशनधारकों सहित कार्मिक विभाग के विभिन्न प्रभागों, क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखाओं तथा अन्य प्रशासनिक कार्यालयों के कार्यकलापों की देखरेख करता है। इसके माध्यम से वार्षिक निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट, उपस्थिति, अवकाश मॉड्यूल तथा वेतन संबंधी कार्यकलापों, कर्मचारी अभिलेख प्रबंधन, कार्मिक प्रशासन, स्थानांतरण मॉड्यूल को सक्रिय किया गया है। इन मॉड्यूलों की अन्य विशेषताएँ और अन्य मॉड्यूल जैसे, मानवशक्ति आयोजना, सेवांत लाभ, प्रशिक्षण व विकास, भर्ती आदि भी क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

स्टाफ कल्याण उपाय

अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति और अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के बदले में एकमुश्त अनुग्रह राशि की भुगतान योजना

बैंक की सेवा में रहते मृत होनेवाले कर्मचारियों को और 55 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले विकलांग होने के कारण चिकित्सा आधार पर निवृत्त होनेवाले कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा आधारित नियुक्ति और अनुकंपा आधारित नियुक्ति के बदले एकमुश्त क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान के लिए बैंक ने एक योजना बनाई है। यह योजना उन सभी मामलों के लिए लागू है जहाँ कर्मचारी की मृत्यु 5.8.2014 को या उसके बाद हुई हो।

प्रदेय एक मुश्त अनुग्रह राशि की संवर्ग वार सीमा निम्नानुसार है:

संवर्ग	अधिकतम राशि
अधिकारी	₹8.00 लाख
लिपिक	₹7.00 लाख
अधीनस्थ कर्मचारी	₹6.00 लाख

बैंक लूट तथा आतंकवादी घटनाओं में मारे गए बैंक कर्मचारियों को मुआवजा

सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक लूट, आतंकवादी तथा वामपंथी उग्रवादी घटनाओं का विरोध करनेवाले बैंक कर्मचारियों एवं आम जनता को प्रोत्साहन हेतु

with the representatives of the SC/ST welfare associations are held at regular intervals to redress their grievances. The Chief Liaison Officer will participate in meetings with the members/officials of the National Commission for SC/ST during their visits to regional offices. The progress made in the implementation of the reservation policy is placed before the Board of Directors once in a year. The post based reservation roster is displayed on the website of the bank in compliance to the directions of the Government.

Implementation of HRMS in the Bank

HRMS is being implemented in the Bank. It is a centralized HRMS solution for handling the functions of different divisions of personnel department, regional offices, branches and other administrative offices covering all employees/ pensioners of the Bank. Annual performance appraisal report, attendance, leave modules and few functionalities of salary, employee record management, personnel administration, transfer modules have been made live. Remaining features of these modules and other modules like manpower planning, terminal benefits, training and development, recruitment etc., are in different stages of implementation.

STAFF WELFARE MEASURES

Scheme for Compassionate Appointment and Payment of Ex-gratia Lump sum amount in lieu of Compassionate Appointment

The Bank has formulated a scheme for appointment on compassionate grounds and payment of Ex-Gratia lump sum amount in lieu of compassionate appointment to the dependents of the employee who dies while in service and employee retiring on medical grounds due to incapacitation before reaching the age of 55 years. The scheme covers all the cases where death of employee occurs on or after 05.08.2014.

The cadre wise ceiling on Ex-Gratia lump sum amount payable is as under:

Cadre	Maximum amount
Officers	₹8.00 lakh
Clerical	₹7.00 lakh
Subordinate Staff	₹6.00 lakh

Compensation to Bank Employees Killed in Bank Robberies & Terrorist incidents

Bank has formulated a scheme as per Govt. guidelines for payment of compensation and reward so as to motivate

पुरस्कृत करने और मुआवजा भुगतान के लिए बैंक द्वारा एक योजना बनाई गई है। मृत्यु होने की स्थिति में, मृतक के परिवार को दी जानेवाली मुआवजा राशि इस प्रकार है:

संवर्ग	श्रेणी	अधिकतम राशि
बैंक कर्मचारी	अधिकारी	₹20.00 लाख
	लिपिक/अधीनस्थ कर्मचारी	₹10.00 लाख
बैंक कर्मचारी के अतिरिक्त	ग्राहक/आम जनता	₹3.00 लाख

यदि बैंक कर्मचारियों/ग्राहकों/आम जनता में से कोई व्यक्ति बैंक-लूट तथा बैंक पर आतंकी हमले का सक्रिय रूप से प्रतिरोध करता है तो बैंक, इसके लिए ₹2.00 लाख तक की नकद इनाम राशि देने पर विचार कर सकता है।

मृतक के बच्चों की स्नातक तक की शिक्षा की देखभाल बैंक करता है तथा परिवार के एक सदस्य को तत्काल नौकरी देने की व्यवस्था भी नियमानुसार बैंक करता है।

प्रशिक्षण और विकास

शीर्ष स्तर पर सिंडिकेट बैंक प्रबंधन संस्थान (एसआईबीएम), मणिपाल तथा बेंगलूरु, चेन्नई, दिल्ली, एरणाकुलम, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई स्थित सात प्रशिक्षण केंद्र, विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित कर बैंक की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। टीम नेतृत्व की भूमिका विकसित करने तथा संगठन के विज़न को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालकों/अधिकारियों को एनआईबीएम, आईआईएम आदि द्वारा आयोजित बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित किए जाते हैं।

वर्ष 2016 -17 के दौरान, प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा 496 कार्यक्रमों में 9008 अधिकारियों और 5742 कामगार कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, 1305 अधिकारियों/कार्यपालकों को भारत में स्थित प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा संचालित बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रतिनियुक्त किया गया तथा 5 कार्यपालकों/अधिकारियों को विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भी प्रतिनियुक्त किया गया। वर्ष 2016-17 के दौरान प्रशिक्षण प्रणाली द्वारा बैंक में कार्यग्रहण करने वाले 3322 परिवीक्षाधीन कर्मचारियों (अधिकारी - 1791 तथा लिपिक- 1531) को प्रशिक्षण दिया गया। इसी अवधि के दौरान अजा/अजजा/अपिव के 7,452 कर्मचारियों (अधिकारी- 4,659 एवं लिपिक/अधीनस्थ कर्मचारी- 2,793) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिनमें से अजा/अजजा/अपिव के 2230 कर्मचारियों (अधिकारी - 1166 एवं लिपिक - 1064) को अगली श्रेणी में पदोन्नति के लिए पदोन्नतिपूर्व प्रशिक्षण दिया गया।

the Bank employees and members of public resisting Bank robberies, terrorist incidents including left-wing extremism. In case of death, the family of deceased will be given compensation by the Bank as follows:

Category	Cadre	Maximum amount
Bank Employee	Officers	₹20.00 lakh
	Clerks /Sub Staff	₹10.00 lakh
Other than bank employee	Customers/ members of the public	₹3.00 lakh

In case of Bank employees/customers/members of public who actively resist Bank robberies and terrorist attacks on Banks, the Bank may consider a cash reward not exceeding ₹2 lakhs.

The Bank will look after educational expenses of the children of the deceased up to and inclusive of graduation and will give immediate employment to one member of the family of the deceased as per applicable rules.

TRAINING AND DEVELOPMENT

Syndicate Institute of Bank Management (SIBM) apex training institute at Manipal and the seven training centres at Bangalore, Chennai, Delhi, Ernakulam, Hyderabad, Kolkata and Mumbai are catering to the training needs of the Bank by conducting various types of training programmes for different cadres of employees. To develop team leadership roles and to align organization vision, the performing executives/officers are being deputed to external training programmes conducted by NIBM, IIM, etc.

During the year 2016-17, 496 programmes covering 9008 officers and 5742 workmen employees were conducted by the training system. In addition, 1305 officers/ executives were deputed to external training programmes conducted by training institutes of repute in India and 5 executives/officers were deputed to overseas training programmes. The training system has imparted induction training to 3322 probationary employees (officers –1791 and clerks –1531) during the year 2016-17. During the same period 7,452 employees belonging to SC/ST/OBC category (officers – 4,659 and clerks/sub staff – 2,793) were trained, out of which, pre-promotion training to prepare for promotion to the next cadres was imparted to 2230 SC/ST/ OBC employees (officers –1166 and clerks - 1064).

वर्ष 2016-17 के दौरान प्रदत्त प्रशिक्षण-एक नज़र

	अधिकारी	लिपिक	कुल
(ए) आंतरिक			
सामान्य	4,830	2,949	
अपिव	1,939	1,425	
अ.जा.	1,608	1,130	
अ.ज.जा	631	238	
कुल	9,008	5,742	14,750
(बी) बाह्य			
सामान्य	829		
अपिव	284		
अ.जा.	150		
अ.ज.जा.	47		
कुल	1,310	0	1310
सकल योग	10,318	5,742	**16,060**

भारी संख्या में सेवानिवृत्ति को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को अभिप्रेरित करने तथा सशक्त बनाने के लिए एसआईबीएम ने नए कार्यक्रमों को तैयार किया है ताकि वे उच्चतर जिम्मेदारियों को निभा सकें। संवेदनशील क्षेत्रों तथा शाखाओं को परिचालित करनेवाले नामोदिष्ट कार्यपालकों के लिए एसआईबीएम ने कौशल विकास निहित विशेष कार्यपालक विकास कार्यक्रम की व्यवस्था की है। कौशल अंतराल को दूर करने के लिए एसआईबीएम तथा प्रशिक्षण केंद्रों ने कोर क्रेडिट, एमएसएमई एवं प्राथमिकता क्षेत्र ऋण पर विशेष प्रशिक्षण के द्वारा 1605 अधिकारियों को वर्ष के दौरान प्रशिक्षित किया गया।

मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज प्रा.लि., बेंगलूरु और एनआईटीटीई एजूकेशनल इंटरनेशनल प्राइवेट लि., मंगलूरू एवं नोएडा के सहयोग से बैंक ने ''फस्ट डे, फस्ट अवर-प्रोडक्टिव'' के उद्देश्य से स्ट्रेटेजिक टेलेंट पाइपलाइन बिल्डिंग प्रोग्राम की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत दोनों संस्थान आईबीपीएस से चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 12 महीनों का प्रशिक्षण देता है, जिनमें से 9 महीनों की सैद्धांतिक शिक्षा व 3 महीने का शाखा में इंटर्नशिप शामिल है। 12 महीने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक समाप्त होने के बाद इन प्रशिक्षणार्थियों को बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में ले लिया जाता है। 384 अभ्यर्थियोंवाले पहले बैच ने प्रशिक्षण पूरा कर बैंक में कार्यभार ग्रहण किया तथा 584 अभ्यर्थियों का दूसरा बैच प्रशिक्षणाधीन है।

राजभाषा का कार्यान्वयन

बैंक द्वारा हिंदी के प्रयोग और प्रोत्साहन को विभिन्न रूपों में निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। यह केवल इसलिए नहीं कि यह भारत सरकार की नीति है बल्कि इसलिए भी कि यह समावेशी बैंकिंग के लिए एक आदर्श एवं शक्तिशाली माध्यम भी है। भारत सरकार द्वारा राजभाषा संबंधी महत्वपूर्ण दिशानिर्देशों के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिये, आंतरिक वार्षिक

Training imparted during the year 2016-17- at a glance

	Officers	Clerks	Total
(a) Internal			
General	4,830	2,949	
OBC	1,939	1,425	
SC	1,608	1,130	
ST	631	238	
Total	9,008	5,742	14,750
(b) External			
General	829		
OBC	284		
SC	150		
ST	47		
Total	1,310	0	1,310
Grand Total	10,318	5,742	**16,060**

Considering the large scale retirements, SIBM has devised new programmes to groom the officers by motivating and empowering them to assume higher responsibilities. For the identified executives handling sensitive Regions and Branches, SIBM has arranged special Executive Development Programmes, consisting of mainly soft skills. To bridge the skill gap, SIBM & Training Centres have conducted special training programmes on Core Credit, MSME and Priority Sector Lending covering 1605 Officers during the year.

The Bank, with the objective of "first day, first hour - productive" has introduced Strategic Talent Pipeline Building Programme in association with Manipal Global Education Services Pvt. Ltd, Bangalore and NITTE Educational International Pvt. Ltd. Mangalore & Noida, wherein both the Institutes train the candidates selected through IBPS process for a period of 12 months' consisting of 9 months' academic input and 3 months' internship in the branch. On successful completion of 12 months training, these trainees are absorbed as probationary officers of the Bank. The first such batch 384 candidates completed the training and joined the Bank and second batch of 584 candidates are undergoing training.

IMPLEMENTATION OF OFFICIAL LANGUAGE

The Bank has been displaying a strong and abiding commitment to encourage the greater use of Hindi in various ways not only because it is the policy of the Government of India but also as an ideal and powerful medium of inclusive banking. With an object of timely implementation of important guidelines pertaining to

राजभाषा कार्यान्वयन कार्य योजना जारी कर शाखाओं/कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को राजभाषा के कार्यान्वयन में मदद करने के लिये, बैंक ने विभिन्न योजनाओं की शुरुआत की है।

बैंक ने राजभाषा के कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और वर्ष के दौरान विभिन्न स्तर के पुरस्कार प्राप्त किए हैं। आपके बैंक को 'ग' क्षेत्र में (वर्ष 2015-16) राजभाषा कार्यान्वयन में श्रेष्ठ निष्पादन हेतु भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा प्रथम पुरस्कार, **''राजभाषा कीर्ति पुरस्कार''** से लगातार दूसरी बार सम्मानित किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित हिंदी गृह पत्रिका प्रतियोगिता (2015-16) में आपके बैंक की हिंदी पत्रिका 'जागृति' को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। हमारे कुछ क्षेत्रीय कार्यालयों और कर्मचारियों ने संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों से राजभाषा शील्ड/पुरस्कार प्राप्त किये हैं। इसके अतिरिक्त, राजभाषा सेवा संस्थान तथा परिवर्तन जन कल्याण समिति, नई दिल्ली द्वारा आपके बैंक को उत्तम राजभाषा कार्यान्वयन तथा उत्तम प्रकाशन (जागृति गृह पत्रिका एवं ''आइए प्रांतीय भाषा में बात करें'' पुस्तक) पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

बैंक की आंतरिक पुरस्कार योजनाएँ जैसे; क्षेत्रवार व्यक्तिगत कर्मचारियों को हिंदी का सर्वोत्कृष्ट प्रयोग करना; कंप्यूटर में हिंदी का सर्वोत्कृष्ट प्रयोग करना और बैंक/अनुभाग स्तर पर शील्ड प्रतियोगितायें/निबंध प्रतियोगितायें प्रचलन में हैं। जायंट और जागृति गृह पत्रिकाओं में हिंदी लेख लिखनेवाले लेखकों को आकर्षक नकद मानदेय दिए जाते हैं।

हिन्दी का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु, बैंक ने 3251 शाखाओं/कार्यालयों को राजभाषा नियम 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित किया है। गृहमंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों को, विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट का ऑनलाइन भेजना सुनिश्चित किया गया है। रोज़ाना के कार्यकलापों में हिंदी के कार्यान्वयन से संबंधित सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन के अलावा, विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा प्रयोजनमूलक हिंदी कार्यशालाओं, हिंदी आशुलिपि, हिंदी अनुवाद प्रशिक्षण, हिंदी समन्वयकों/कार्यपालकों के लिये राजभाषा संगोष्ठी, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, स्वतंत्रता दिवस/गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों/स्टाफ सदस्यों के लिये हिंदी प्रतियोगिताओं और वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय के ''राजभाषा प्रयोग-आपसी संवाद-सार्थक दिशा'' जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

बैंक ने वेबसाइट का हिन्दी अनुवाद करके उसे अद्यतन बनाने के साथ-साथ मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन को भी हिन्दी में तैयार किया है। बैंक अनंतपुर, विजयपुर, कारवार, कण्णूर, मेरठ, गाज़ियाबाद, ओंगोल, उडुपि

Official Language issued by the Government of India, various types of initiatives have been taken up by your Bank for providing assistance to the employees working in branches/offices in the implementation of official language duly issuing internal annual OL implementation action plan.

The Bank has made noteworthy progress under the implementation of official language and won prizes at various levels during the year. Your bank was awarded with first prize **"Rajbhasha Kirti Puraskar"** by the Government of India, Ministry of Home Affairs, Dept. of Official Language for its outstanding performance in official language (OL) implementation in 'C' region (2015-16) consecutively for second time. Your bank's quarterly Hindi magazine "Jagriti" got 3rd prize in Hindi House Journal Competition (2015-16) conducted by Reserve Bank of India. Some of regional offices and staff members of the bank have received Rajbhasha shields/awards from respective town official language implementation committees. In addition, your Bank has received first prize for best official language (OL) Implementation and best publication (Jagriti house journal & let us speak in regional language book) awards from Rajbhasha Seva Sansthan and Parivartan Jan Kalyan Samiti, New Delhi.

Bank's internal award schemes like cash incentive schemes for 'excellent performance in use of Hindi and excellent performance in use of Hindi on computers' for region wise individual employees and also 'bank level/branch level/department level shield competitions/essay competitions' are in vogue. Attractive cash incentives are being given to the writers of Hindi articles published in-house magazines i.e. Giant & Jagriti.

Bank has notified 3251 branches/offices under Rule 10(4) of OL Rule, 1976 to ensure maximum usage of Hindi. Ensured online submission of quarterly Hindi progress reports of various regional offices to the concerned regional implementation offices of MHA. Functional Hindi workshops, translation trainings, Hindi coordinator/executive OL seminars, Hindi competitions for school children/staff members in connection with 'vigilance awareness week, independence day/republic day/teachers' day' and 'Rajbhasha Prayog-Apasi Samvad-Sardhak Disha' programmes of DFS-MOF were conducted by various regional offices in addition to attending Govt. guidelines related to OL implementation in day to day official work. In addition to the above 'let us speak regional language' guidance programmes at various regions and soft skills programme in Hindi-English mixed medium for OL officers were conducted.

Bank has launched mobile banking application in Hindi in addition to updating Hindi translation of revamped website. Bank is the convenor of town official language

और फरीदाबाद में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का संयोजक है। राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सभी शाखाओं/कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया गया है। संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति ने दि.12.04.2016 को मथुरा में क्षेत्रीय कार्यालय, आगरा का निरीक्षण किया तथा आलेख एवं साक्ष्य उपसमिति ने दिनांक 06.09.2016 और 20.12.2016 को क्रमश: क्षे.का. चेन्नई एवं क्षे.का. गाजियाबाद के साथ राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी चर्चा की।

डॉ बिपिन बिहारी, संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने दि. 13.01.2017 को लक्षद्वीप स्थित हमारी शाखाओं की समीक्षा की और उनके प्रयासों तथा प्रधान कार्यालय, राजभाषा प्रभाग की राजभाषायी निगरानी की काफी प्रशंसा की।

वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग तथा गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के पदाधिकारियों ने क्रमश: पुणे और दिल्ली में समीक्षा बैठकें आयोजित की तथा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में बैंक के प्रयासों की सराहना की।

आलोच्य अवधि के दौरान आयोजित विशेष गतिविधियाँ: बैंक ने आलोच्य अवधि के दौरान निम्नलिखित विशेष गतिविधियों का आयोजन किया।

i. दिनांक 09.01.2017 को एसआईबीएम, मणिपाल में ''सरकार के सामाजिक - आर्थिक विकास में विभिन्न महत्वपूर्ण पहल'' विषय पर हिंदी में एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया।

ii. ''वैकल्पिक वितरण चैनल: बैंकरों और ग्राहकों के लिए वरदान एवं चुनौती'' नामक पुस्तक (फरवरी 2016 में आयोजित सेमिनार में प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत लेखों का संग्रह) का विमोचन किया गया।

iii. आपके बैंक ने 91वाँ स्थापना दिवस तथा हिंदी दिवस 2016 के अवसर पर हिंदी, तमिल और कन्नड प्रचारकों (हिंदी: श्रीमती माधवी भंडारी एवं एम. श्रीधरन, तमिल: मेघनाथन तथा कन्नड: श्री एन. मोगसाले तथा डॉ. बी. नरसिंह मूर्ति) को सम्मानित किया।

iv. बैंक के पूर्व स्टाफ सदस्य श्री बोल्वार मोहम्मद कुन्हि तथा गोविंद चंद्र माझी को क्रमश: कन्नड़ और संथाली साहित्य में अमूल्य योगदान के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त किये जाने पर 26.01.2017 को आपके बैंक ने उन्हें सम्मानित किया।

v. राष्ट्रीयकृत बैंकों/वित्तीय संस्थानों/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

vi. क्षेत्रीय कार्यालयों के अतिरिक्त लंदन शाखा और द्वीप शाखाओं में भी हिंदी दिवस का आयोजन किया गया।

बैंक ने वित्तीय समावेशन संबंधी जानकारी, योजनाओं/उत्पादों से संबंधित सामग्री/पैंफ्लेट, प्रदर्शन सामग्री आदि को हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं में

implementation committees at Ananthapur, Bijapur, Karwar, Kannur, Meerut, Ghaziabad, Faridabad, Ongole and Udupi. Official language implementation committees were constituted in all the branches/offices for the effective implementation of official language. The third subcommittee of the Committee of Parliament on Official Language inspected RO Agra at Mathura on 12.04.2016 and the drafting & evidence subcommittee of the Committee of Parliament on Official Language had discussion with R.O. Chennai and RO Ghaziabad respectively on 06.09.2016 and 20.12.2016.

Dr. Bipin Bihari, Joint Secretary, Department of Official Language, MHA had reviewed Official Language (OL) implementation activities of Lakshadweep branches on 13.01.2017 and appreciated their efforts and also effective monitoring of Head Office in the area of Official Language implementation.

The officials of Department of Financial Services, MOF and Department of Official Language, MHA had conducted review meeting at Pune & Delhi respectively and appreciated the efforts of the Bank in the area of Official Language implementation.

Special activities conducted during the period: Bank has conducted special activities during the period as under.

i. Organized National Level Seminar in Hindi on "Various Important Initiatives of the Government in Socio-Economic Development" at SIBM, Manipal on 09.01.2017.

ii. Released a book titled "Alternate Delivery Channels: A Boon and Challenge for Bankers and Customers" (collection of articles won first prize in the seminar conducted in February 2016).

iii. Your bank has honored Hindi, Tamil and Kannad Pracharaks (Hindi: Mrs. Madhavi Bhandari & M Sridharan, Tamil: Meganadan and Kannada: Sri N Mogasale and Dr. B Narasimha Murthi) on 91st foundation day and Hindi day 2016.

iv. Your bank has honoured ex-staff members, Sri Bolwar Mohammad Kunhi and Gobinda Chandra Majhi in recognition of receiving Kendriya Sahitya Academy Award 2016 for their outstanding contribution in Kannada literature and Santali literature respectively on 26.01.2017.

v. Conducted All India Hindi Essay Competition for Nationalised Banks/FIs/RRBs.

vi. Conducted Hindi day at London branch and Island branches in addition to regional offices.

Bank has paid special attention on providing information related to financial inclusion matters, schemes/products related literature / pamphlets / advertisements / display

उपलब्ध करने पर विशेष ध्यान दिया है। अपने मूल्यवान ग्राहकों की सुविधा के लिए विविध नवोन्मेषी उपाय अपनाते हुए हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं को प्रोत्साहित करने में बैंक द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

ग्राहक सेवा

संतोषजनक ग्राहक सेवा के लिए बैंक मौजूदा प्रणाली की लगातार समीक्षा करता रहा है। बैंक का ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण, भविष्य की व्यापार क्षमता का निर्माण करने तथा ग्राहक जुटाने एवं इसे बनाए रखने तथा ग्राहक आधार बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

बैंक के पास ग्राहक सेवा, जमा, ग्राहक शिकायत निवारण, चेक संग्रहण, सेवा में विभिन्न प्रकार की कमियों के संदर्भ में बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित नीतियाँ हैं। सभी ग्राहकों की सुविधा हेतु बैंक की सभी शाखाओं में उपलब्ध होने के अतिरिक्त ये बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

शाखा प्रारंभ/स्थापना दिवस को हमारी शाखाएँ ग्राहक सम्मेलन दिवस के रूप में मनाती हैं। ऐसी सभाओं/बैठकों में स्थानीय सरकारी कार्मिकों व शाखा के ग्राहकों के साथ-साथ प्र.का./कॉ.का./क्षे.का. के कार्यपालक भी भाग लेते हैं। ऐसी बैठकों में बैंक के उत्पादों तथा सेवाओं के बारे में ग्राहकों को शिक्षित किया जाता है और ग्राहकों के विचार/प्रतिपुष्टि ली जाती है। ग्राहकों/वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता सहित शाखाओं/कार्यालयों में आवधिक रूप से आयोजित बैठक में ग्राहक सेवा एवं ग्राहक शिकायत संबंधी विषयों पर चर्चा की जाती है।

बैंक की शिकायत निवारण नीति को ग्राहकों की शिकायतों को कम करने के उद्देश्य से बनाई गई है तथा उचित सेवा समीक्षा तंत्र के द्वारा ग्राहकों की शिकायतों का यथाशीघ्र निवारण सुनिश्चित किया जाता है।

वर्ष 2016-17 के दौरान ग्राहक सेवा पहल:

- ❖ बैंक ने बीसीएसबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी शाखाओं में व्यापक सूचनापट्टों पर नोटिस प्रदर्शित किया जाना सुनिश्चित किया है।
- ❖ शाखाओं में ग्राहक सेवा में और अधिक सुधार लाने तथा स्टाफ सदस्यों को संवेदनशील बनाने के लिए निम्नलिखित सिद्धांतों को अपनाते हुए 'ग्राहक सेवा' नीति बनाई गई है, जैसे, शिष्टाचार, संप्रेषण, कार्यक्षमता एवं समयबद्धता, शाखाओं का सामान्य प्रबंधन, जानकारी आदि।
- ❖ बैंक, भारतीय बैंकिंग कोड और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है और ग्राहकों एवं एमएसई ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संबंधी कोड के प्रावधानों को अक्षरश: लागू करने के लिए वचनबद्ध है।
- ❖ ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता से संबंधित संशोधित कोड बीसीएसबीआई 2014 और एमएसई ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता से संबंधित कोड 2015 को सभी शाखाओं/

material etc., in Hindi and regional language in addition to English. Bank is very particular in promoting Hindi and regional languages introducing various innovative models to facilitate its proud customers.

CUSTOMER SERVICE

Bank has been constantly reviewing the efficacy of existing system of attaining the customer service. Bank's customer centric approach acts as a key differential in shaping future business potential and also in acquiring, retaining and growing the customer base.

The Bank has policies duly approved by the Board on customer service, deposits, customer grievance redressal, cheque collection, compensation payable on account of various deficiencies in service etc. These are well displayed on the Bank's website for the convenience of the customers, besides displaying at each branches of the Bank.

Branches are celebrating branch opening / foundation day as customer meet day. Meeting would be attended by executives from HO/CO/RO, local Government officials and customers of that branch. During the meeting customer were educated about products and services offered by the bank and customer feedback would be obtained. Matters relating to customer service and customer complaints are discussed in the periodical meeting held at branches/regional offices with the involvement of customers / senior citizens.

The grievances redressal policy of the Bank is meant for minimizing instances of customer complaints and grievances through proper service delivery and review mechanism and to ensure prompt redressal of customer complaints and grievances.

Customer Service Initiatives taken during 2016-17:

- ❖ Bank has ensured display of the comprehensive notice board as per BCSBI guidelines in all the branches.
- ❖ With a view to improving the customer service in the branches and sensitize the staff, policy on 'customer service' has been adopted based on the following basic principles viz., courtesy, communication, efficiency & timeliness, general management of the branches, knowledge, etc.
- ❖ The Bank is a member of the Banking Codes and Standards Board of India (BCSBI) and committed to implement the provisions of Code of Bank's Commitment to Customers and Code of Bank's Commitment to MSE Customers in letter and spirit.
- ❖ Revised code of Bank's commitment to customers BCSBI 2014 and the 'Code of Bank's Commitment to Micro and Small Enterprises' 2015 have been

कार्यालयों में भेज दिए गए हैं एवं बैंक की शाखाओं में ग्राहकों हेतु संशोधित प्रतिबद्धता कोड की प्रति उपलब्ध कराई गई है। इसे वेबसाइट तथा इन-हाउस अप्लिकेशन पर भी अपलोड किया गया है।

❖ बीसीएसबीआई कोड के प्रावधानों के बारे में ग्राहकों को शिक्षित/संवेदी बनाने तथा जागरूकता लाने के लिए बैंक ने अपने नियमित प्रयास के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में बीसीएसबीआई द्वारा आयोजित ''ग्राहक सभा'' में सक्रिय रूप से सहभागिता की जिसमें शाखा के कार्मिकों एवं ग्राहकों ने बीसीएसबीआई के प्राधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

❖ वित्तीय समावेशन-ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संबंधी संहिता में निहित मूल अधिकारों का सचित्र प्रस्तुतिकरण ग्राहकों के उपयोग हेतु सभी शाखाओं में उपलब्ध कराया गया है।

❖ बीएसबीडी खाता *(सामान्य बचत बैंक जमाराशि)* खोलने संबंधी बीसीएसबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देश सभी शाखाओं में प्रदर्शित किए गए हैं।

❖ शाखा दौरे के दौरान कार्यपालक, शाखाओं में ग्राहकों से मिलते हैं और ग्राहक सेवा/शिकायत निवारण संबंधी मामलों एवं बीसीएसबीआई कोड के प्रावधानों के अनुसार कार्यान्वयन की समीक्षा करते हैं।

❖ बीसीएसबीआई के सूचना-पत्रों को वेबसाइट पर तिमाही आधार पर उपलब्ध/अद्यतन कराया जाता है।

❖ ग्राहक सेवा संबंधी स्थाई समिति की बैठक तिमाही आधार पर कॉरपोरेट कार्यालय में आयोजित की जाती है तथा उसमें ग्राहक सेवा संबंधी मामलों/शिकायतों आदि पर समीक्षा की जाती है। ग्राहक सेवा संबंधी मामलों पर बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति की तिमाही बैठक में भी चर्चा की जाती है।

❖ बचत बैंक खाता में ब्याज भुगतान की आवधिकता को छमाही से बदलकर तिमाही कर दिया गया है।

❖ सिंड पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) की शुरुआत-पीडीएस वितरकों के लिए शून्य शेष आधारित चालू खाता खोलने की शुरुआत की गई है।

❖ अनन्या शाखाओं के लिए वेतनभोगी खातों हेतु शून्य शेष सहित तत्काल खाता खोलने की शुरुआत की गई है।

❖ ग्राहकों की शिकायतों के शीघ्रतापूर्वक समाधान के लिए सुदृढ़ ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र की व्यवस्था की गई है। शिकायतों की संख्या एवं उनके निवारण में लिए गए समय के आधार पर सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को ग्रेड प्रदान किए गए हैं। उत्कृष्ट के लिए ए; अच्छा के लिए बी; संतोषजनक के लिए सी; एवं खराब के लिए डी दिया जाता है।

ऑनलाइन शिकायत निवारण तंत्र

बैंक ने दिनांक 18.08.2015 से लाइव ऑनलाइन शिकायत निवारण तंत्र की शुरुआत की है। बैंक के वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण किया जा

circulated to all branches/offices and a copy of revised code of commitment to customers is available for the customers. It also uploaded and displayed in website and in-house application.

❖ In its continued efforts to spread awareness and to educate/sensitize customers about provisions of BCSBI Codes, Bank has also actively participated in the "customer meets" organized by BCSBI at various regions and branch officials and customers have interacted with BCSBI officials.

❖ Financial inclusion – pictorial presentation of basic rights contained in the Code of Bank's commitment to customers are made available in all the branches for use of the customers.

❖ The guidelines for opening of BSBD *(Basic Savings Bank Deposit)* accounts issued by BCSBI are exhibited in all branches.

❖ Executives during their visit to branches interact with customers and review matters relating to customer service/complaints redressal and implementation of BCSBI codes provisions.

❖ News letters from BCSBI is made available/updated in website quarterly.

❖ Standing committee on customer service meet at quarterly intervals at corporate office and review the customer service related matters/complaints etc. The customer service related matters are also deliberated during quarterly meeting of customer service committee of the Board.

❖ Savings bank account interest payment periodicity is changed from half yearly to quarterly.

❖ Introduction of Synd PDS (Public Distribution System) – current account with zero balance for PDS distributors.

❖ At Ananya branches Instant account opening has been introduced with zero balance for salaried accounts.

❖ Bank has put in place a robust customer grievance redressal mechanism for quick redressal of customer grievances. Based on number of complaints received and time taken for redressal of complaints, all ROs are being graded A: Outstanding, B: Good, C: Satisfactory and D: Poor on quarterly basis.

Online Grievance Redressal System

Bank has made online grievance redressal system live from 18.08.2015. The online grievance system provides for online registration of grievance through bank's website. The online grievance system provides access to the customers

सकता है। ऑनलाइन शिकायत तंत्र ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं देती है; जैसे; शिकायत दर्ज करना, शिकायत की स्थिति का पता लगाना और बैंक से प्राप्त प्रतिक्रिया, आदि। यह प्रणाली संतोषजनक रूप से कार्य कर रही है।

आंतरिक लोकपाल

बैंक ने दिनांक 01.08.2015 से आंतरिक लोकपाल (मुख्य ग्राहक सेवा अधिकारी) की नियुक्ति की है। बैंक का आंतरिक लोकपाल उन मामलों की जाँच करता है जहाँ ग्राहकों के दावे खारिज अथवा आंशिक रूप से स्वीकार किए गए हैं।

कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

एक जागरूक कॉरपोरेट नागरिक होने के नाते आपके बैंक ने, अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को महसूस किया है और समाज के विभिन्न वर्गों के सामाजिक/ आर्थिक बदलाव को ध्यान में रखते हुए दलित वर्ग के उत्थान हेतु विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की है।

बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी गतिविधियाँ निम्नवत् हैं –

ए) बैंक के प्रचालन क्षेत्र में सामुदायिक विकास की गतिविधियाँ

बी) प्राकृतिक आपदाओं का न्यूनीकरण।

सी) समाज के अति निर्धन वर्ग के लिए स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाएँ विकसित करना।

डी) कैपिटल फी की निर्भरता से मुक्त संस्थानों में शैक्षणिक सुविधाओं का विकास।

ई) कला एवं संस्कृति का संवर्धन ।

एफ) बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित अनुसंधान व विकास को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियाँ।

जी) ''स्वच्छ भारत अभियान'': संपूर्ण सफाई प्रबंध तथा स्वच्छता हासिल करने संबंधी भारत सरकार का एक राष्ट्रीय आंदोलन।

एच) ''स्वच्छ विद्यालय मिशन'': पूरे देश के विभिन्न विद्यालयों में शौचालय उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार का मिशन।

आई) खेलकूद को प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सम्मानित करना।

जे) जल-निकायों का अनुरक्षण।

के) कोई अन्य श्रेष्ठ सामाजिक कार्य।

वर्ष 2016-17 के दौरान कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत कुछ प्रमुख योगदान इस प्रकार हैं:

एंबुलेंस का दान, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शौचालय निर्माण, राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), भारतीय पैरालिंपिक स्पोर्टस अकादमी और युद्धोपरांत दिव्यांग सैनिकों को योगदान, बच्चों की शिक्षा व्यय हेतु वित्तीय सहायता, आधुनिक शैक्षणिक सहायता उपलब्ध करना, आदिवासी बच्चों को शिक्षा, वरिष्ठ नागरिकों को घर, शिक्षा में वंचित बच्चों के समूह की सहायता, निम्न आय के विद्यालयों में पढ़ रहे गरीब विद्यार्थियों की सहायता, उन्हें गणवेश, पुस्तक, लेखन सामग्री आदि उपलब्ध कराना, शारीरिक रूप से दिव्यांगों, नेत्रहीनों तथा विभिन्न अस्पतालों में भर्ती गरीब मरीजों की सहायता।

for recording the complaint, compliant status tracking and receiving response from the bank. The system is running satisfactorily.

Internal Ombudsman

Bank had appointed internal ombudsman (Chief Customer Service Officer) w.e.f. 01.08.2015. The bank's internal ombudsman examines the cases where the customers claim is either rejected or partially accepted.

CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY

As a sincere corporate citizen, your Bank has been fulfilling its social responsibilities by actively participating in activities aimed at socio/economic transformation of various facets of society and upliftment of the downtrodden.

The Bank is undertaking CSR activities for –

a. Community development activities in the areas of operation of the Bank.

b. Mitigating natural calamities.

c. Development of health care facilities for poorer sections of the society.

d. Development of educational facilities at institutions, not dependent on capital fees.

e. Promotion of Art and Culture.

f. Activities to encourage research and development in fields related to Banking.

g. "Swachh Bharat Abhiyaan": A national movement, launched by Govt. of India to achieve total sanitation and cleanliness.

h. "Swachh Vidyalaya Mission": Launched by Govt. of India with a mission to provide toilets in different schools across the country.

i. Promoting sports and recognizing the performance of outstanding sportspersons.

j. Upkeep of water bodies.

k. Any other worthy social causes.

Some of the major contributions under Corporate Social Responsibility during the financial year 2016-17 are: Donation of ambulance, construction of toilets under Swachh Bharat Abhiyan, contribution to National Sports Development Fund (NSDF), Paralympic Sports Academy of India and Disabled War Veterans. Financial assistance towards study expenses of children, providing modern educational aids, education of tribal children, senior citizen's home, supporting education of disadvantaged group of children, poor students studying in low income schools, providing uniforms, books, stationery items, etc., supporting physically challenged, blind and poor patients in various hospitals, etc.

नए उत्पाद पहल

नए उत्पाद में सुधार तथा इनका विकास एक निरंतर चलनेवाली प्रक्रिया है तथा ग्राहकों के बदलती आवश्यकताओं, तकनीकि नवोन्मेष एवं बाज़ार अनुसंधान को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक इनका कुशलतापूर्वक अनुपालन कर रहा है।

वर्ष के दौरान, अपने ग्राहकों के लाभार्थ बैंक द्वारा कई नए उत्पादों की शुरूआत की गई। देयता उत्पाद के क्रम में, सिंड पीडीएस (पीडीएस ग्राहकों/वितरकों के दैनिक कारोबारी लेनदेनों के लिए चालू खाता) तथा आस्ति उत्पाद के क्रम में, गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए ईएमआई सुविधा के साथ सिंड स्वर्ण और विदेशों में अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सिंड विद्या-विदेश।

विपणन एवं शुल्क आय उत्पाद

मार्केटिंग वर्टिकल

बैंकिंग की मूलभूत गतिविधियों में विस्तार के दबाव को देखते हुए शुल्क आधारित आय को बढ़ाने की जरूरत महसूस की गई है जो बैंक की आय को बढ़ाने की दृष्टि से मददगार है। शुल्क आधारित आय को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से बैंक ने कॉरपोरेट कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में विपणन प्रयासों को गति देने के लिए एक अलग स्कन्ध बनाया है।

कारोबार विकास की गति को बढ़ाने के लिए 168 विपणन अधिकारी तत्पर हैं तथा देश भर में कार्यरत हैं। बैंक ने विपणन टीम को कौशलपूर्ण बनाने के लिए सिंडिकेट बैंक प्रबंधन संस्थान मणिपाल में तीन दिवसीय विपणन सभा का आयोजन किया था। इस टीम को बैंक के उच्च प्रबंधन द्वारा संबोधित करते हुए विपणन की विशेषताओं तथा ब्रांड विकास के बारे में बताया गया। ज्ञान आधारित विक्रय के लिए बैंक के सभी उत्पादों और पैरा बैंकिंग उत्पादों की बुनियादी जानकारी सहित उत्पाद पुस्तिका की सॉफ्ट प्रति बैंक के सभी कर्मचारियों को दी गई है ताकि उत्पादों की बिक्री हेतु उन्हें पर्याप्त जानकारी मिले।

बैंकाश्योरेंस

1. जीवन बीमा

- जीवन बीमा उत्पादों के संवितरण के लिए कारपोरेट एजेंट के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ बैंक का कारपोरेट एजेंसी गठजोड़ है। जीवन बीमा कारोबार को संपन्न करने के लिए बैंक के पास 196 विशेषज्ञों की एक टीम है।
- बैंक, आवास ऋण उधारकर्ताओं, शिक्षा ऋण उधारकर्ताओं, बचत खाताधारकों तथा वित्तीय समावेशन के तहत बचत खाताधारकों के लिए प्रतिस्पर्धी प्रीमियम राशि उपलब्ध सामूहिक पॉलिसी के तहत जीवन बीमा कवर भी कराता है।
- बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान ₹836.45 लाख (एलआईसी पीएमजेजेबीवाई सहित) की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 के

NEW PRODUCT INITIATIVES

Improving & developing new product is an ongoing task which your Bank is dexterously following keeping in view the changing customer requirements, technological innovation and market research.

During the year, Bank has come up with several new products for the benefits of its customers. On liability side, Synd PDS (a current account to meet the PDS customers/ distributors day to day business transactions) and Synd Pravasi Poonj, an SB product for NRE customers. On asset side, are Synd Swarna for non-agricultural purposes with EMI facility and Synd-Vidya – Abroad to meet requirements of students who would like to purse studies abroad.

MARKETING AND FEE INCOME PRODUCTS

Marketing Vertical

With the compression of spreads from the core activities of banking, the necessity is felt in augmenting fee based income which acts as cushion for Bank's income. In order to have a focused approach to augment fee based income, Bank has a separate vertical at Corporate Office and Regional Offices to accelerate marketing efforts to augment fee based income.

Bank's marketing setup is consisted of a team of 168 marketing officers spread across the country, with clear thrust on the business development. Bank conducted three days Marketing Conclave at Syndicate Institute of Bank Management, Manipal for skill enhancement of the marketing team. The team was addressed by the top management of the Bank highlighting the significance of marketing and brand development. For knowledge based selling, soft copy of the product booklet covering the basic information on all the Bank's products and para banking products was shared with all the staff members of the Bank.

Bancassurance

1. Life Insurance

- Bank has a Corporate Agency tie-up with Life Insurance Corporation of India, as a corporate agent for distribution of life insurance products. Bank has a team of 196 specified persons for soliciting life insurance business.
- Bank also offers life insurance cover under group policy to educational loan borrowers, saving account holders and saving account holders under financial inclusion.
- Bank earned commission of ₹914.28 Lakh (inclusive of LIC PMJJBY) during FY 2016-17 against a commission

दौरान ₹914.28 लाख (एलआईसी पीएमजेजेबीवाई सहित) का कमीशन अर्जित किया।

2. सामान्य बीमा

- अपने खाताधारकों के लिए सिंड आरोग्य (फैमिली-फ्लोटर लाभ सहित समूह मेडिक्लेम सह निजी दुर्घटना) सहित सामान्य बीमा उत्पादों के संवितरण के लिए बैंक ने यूनाइटेड इंडिया इंश्यूरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ गठजोड़ किया है ।
- सामान्य बीमा कारोबार से बैंक ने पिछले वर्ष के दौरान ₹945.84 लाख (यूआईआईसीओ पीएमएसबीवाई सहित) कि तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹1009.60 लाख (यूआईआईसीओ पीएमएसबीवाई सहित) का कमीशन अर्जित किया।

3. सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाएं (पीएमजेजेबीवाई और पीएम एसबीवाई)

ए) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)

बैंक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत जीवन बीमा कवर उपलब्ध कराने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ गठजोड़ किया है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, बैंक ने कुल 6,73,113 पीएमजेजेपीवाई पॉलीसी पंजीकृत किए हैं।

बी) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)

बैंक ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत मृत्यु बीमा प्रदान करने के लिए यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (यूआईआईसीओ) के साथ गठजोड़ किया है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, बैंक ने कुल 21,50,094 पीएमबीएसवाई पॉलीसी पंजीकृत किए हैं।

म्यूचुअल फंड (एमएफ)

एक वित्तीय सुपर मार्केट के रूप में कार्य करते हुए एक ही छत के नीचे विभिन्न वित्तीय उत्पाद उपलब्ध कराने हेतु म्यूचुअल फंड उत्पादों के वितरण के लिए बैंक ने 9 अग्रणी आस्ति प्रबंधन कंपनियों के साथ गठजोड़ किया है। सूचित बिक्री उपलब्ध कराने हेतु बैंक के पास 31.03.2017 की स्थिति में 209 एनआईएसएम (सीरीज-V-ए) प्रमाणित व्यक्ति एवं 204 ईयूआईएन अनुवर्ती स्टाफ थे।

म्यूचुअल फंड कारोबार से बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के ₹38.16 लाख के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹68.80 लाख का कमीशन अर्जित किया।

नकद प्रबंधन सेवाएँ (सीएमएस)

लेनदारी लेखा और भुगतान के कुशल प्रबंधन के लिए हमारा बैंक, कॉरपोरेट, निजी और विदेशी बैंकों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद प्रदान करता है। बैंक, देश भर में सभी शाखाओं के माध्यम से अपने ग्राहकों के लिए सीएमएस सेवाएं प्रदान करता है। ऑटो डेबिट अधिदेश सुविधा और केंद्रीकृत चेक डेबिट सुविधाएँ दी जा रही हैं। लाभांश वारंट/ब्याज वारंट का भुगतान/डीडी आहरण व्यवस्था और दूरस्थ डीडी मुद्रण सुविधाएँ भुगतान के तहत प्रदान की जा रही हैं।

of ₹836.45 Lakh (inclusive of LIC PMJJBY) during FY 2015-16.

2. General Insurance

- Bank has a Corporate Agency tie-up with United India Insurance Company Limited (UIICO) for distribution of general insurance products, including Synd Arogya (a Group Mediclaim-Cum-Personal Accident Policy with family floater advantage) at competitive premium for its Account Holders.
- During the FY 2016-17, Bank has earned a commission of ₹1009.60 lakh (inclusive of UIICO PMSBY), compared to commission of ₹945.84 lakh (inclusive of UIICO PMSBY) during the previous year, from general insurance business.

3. Social Security Insurance Schemes (PMJJBY & PMSBY)

a. Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojna (PMJJBY)

Bank has tie up with LIC of India for providing life insurance cover under Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojna (PMJJBY). During FY 2016-17, Bank has enrolled 6,73,113 PMJJBY policies.

b. Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojna (PMSBY)

Bank has tie-up with United India Insurance Company limited (UIICO) for providing accidental death insurance under Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojna (PMSBY). During FY 2016-17, Bank has enrolled 21,50,094 PMSBY policies.

Mutual Funds (MF)

Acting as a financial supermarket, offering various financial products under one umbrella, Bank has tied up with nine leading Asset Management Companies for distributing mutual fund products. As on 31.03.2017, the Bank had a team of 209 NISM (Series-V-A) certified persons and 204 EUIN compliant staff bank facilitating informed selling.

Bank earned commission of ₹68.80 lakh during FY 2016-17 against a commission of ₹38.16 lakh in FY 2015-16 from Mutual Fund business.

Cash Management Services (CMS)

The Bank offers a state-of-the-art technology driven products to corporate, private and foreign banks for efficient management of account receivables and payments. The Bank also offers CMS services to its clients through all branches across the country. Auto Debit Mandates facility and centralized cheque debit facilities are being offered. Payment of dividend warrants/interest warrants/DD drawing arrangement and remote DD printing facilities are being offered under payments.

पूंजी बाजार सेवाएँ

अवरुद्ध रकम पर आधारित आवेदन पत्र (आस्बा)

बैंक में आस्बा (अवरुद्ध रकम पर आधारित आवेदन पत्र) सुविधा का आरंभ अक्तूबर 2010 में किया गया। अपने ग्राहकों को अवरुद्ध रकम आधारित आवेदन पत्र उपलब्ध कराने के लिए बैंक, स्वयं प्रमाणित सिंडिकेट बैंक (एससीएसबी) के रूप में सेबी के साथ पंजीकृत है। बैंक ने अपने कोर बैंकिंग समाधान के साथ एएसबीए सुविधा को एकीकृत किया है। बही निर्माण प्रक्रिया और अधिकार निर्गम के माध्यम से किए गए सभी सार्वजनिक निर्गमों के लिए एएसबीए प्रक्रिया उपलब्ध है। इस योजना का लक्ष्य आईपीओ/एफपीओ के माध्यम से शेयरों और बांड में निवेश करने में हमारे ग्राहकों की बोली की राशि की सीमा तक राशि अवरुद्ध करने की सुविधा प्रदान करना है।

निक्षेपागार सहभागी सेवाएँ

आपका बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी निक्षेपागार सहभागी के रूप में स्थायी रूप से पंजीकृत है। बैंक सीडीएसएल का एक निक्षेपागार भागीदार है। यह सुविधा, ग्राहकों को उनकी पूंजी बाजार प्रतिभूतियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखने में मदद करता है। 24 अक्तूबर 2011 को ''सिंड-ई-ट्रेड'' ब्रांडनाम के तहत बैंक द्वारा 3-इन-1 खाते सह ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा शुरु की गई थी। इस सुविधा में कासा खाते, डीमैट खाता और ट्रेडिंग खाता शामिल है जो शेयर में ऑनलाइन ट्रेड करने के लिए कासा खाते में धन और डीपी खाते में डीमैट प्रतिभूतियों का उपयोग कर सीधी प्रक्रिया के माध्यम से ग्राहकों को सक्षम बनाती है।

नकदी प्रबंधन और पूँजी बाज़ार परिचालन से बैंक ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान ₹239.25 लाख के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹320.00 लाख की आय अर्जित की।

अन्य सेवाएँ

नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस)

वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई नई पेंशन योजना के तहत विभिन्न प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए बैंक,पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण(पीएफआरडीए) के साथ उपस्थिति बिंदु (पीओपी) के रूप में पंजीकृत है । हमारे बैंक की 3481 शाखाएँ उपस्थिति बिंदु-सेवा प्रदाता (पीओपी-एसपी) के रूप में एनपीएस के दायरे के तहत सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है ।

अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

देश के सभी नागरिकों, खासकर गरीब, वंचित वर्ग और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के सृजन हेतु 1 जून, 2015 से भारत सरकार द्वारा अटल पेंशन योजना (एपीवाई) की शुरुआत की गई है । एपीवाई को पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की समग्र प्रशासनिक एवं संस्थागत ढ़ांचे के अंतर्गत प्रशासित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करने के लिए कुल 3,819 शाखाओं को एनएलसीसी के रूप में पंजीकृत किया गया है। एपीवाई के तहत अंशदानकर्ता 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर, अपने अंशदानों,

Capital Market Services

Applications Supported by Blocked Amount (ASBA)

The ASBA [Application Supported by Blocked Amount] facility was introduced in the bank during October 2010. Bank is registered with SEBI as Self Certified Syndicate Bank (SCSB) for providing Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) to its customers. Bank has integrated ASBA facility with its core banking solution. ASBA process is available in all public issues made through the book building route and rights issues. This scheme aims at providing the facility of blocking of amount to the extent of the bid amount of the customers investing in shares and bonds through the IPO/FPO.

Depository Participant Services

Your Bank is holding permanent registration as Depository Participant issued by the Securities and Exchange Board of India (SEBI). The Bank is a Depository Participant of CDSL. This facility enables customers to keep their Capital Market Securities in electronic form. The 3-in-1 account cum on-line trading facility under the brand name "Synd-e-Trade" was launched by the Bank on October 24, 2011. The facility comprises of the CASA account, Demat account and Trading account for enabling customers to trade in shares online, using the funds in the CASA account and dematerialized securities in the DP account through the Straight through Process.

During FY 2016-17, Bank has earned an income of ₹320.00 lakh from Cash Management and Capital Market operations against an income of ₹239.25 lakh during FY 2015-16.

Other Services

- To avoid the scope for misuse of the system by unscrupulous persons for gaining undue benefit at the cost of Bank the automatic log out time in CBS has been brought down to 5 Minutes.
- The study on 'Legal Audit' has been done as part of preventive vigilance exercise to examine whether the process of identification of accounts for Legal Audit is appropriate. The improvements suggested have been implemented.

- निवारक सतर्कता प्रयास के अंग के रूप में ''स्विफ्ट संदेश- सुधार के क्षेत्र'' पर परीक्षण किया गया है।

समीक्षा वर्ष के दौरान 620 शाखाओं में निवारक सतर्कता प्रयास किए गए हैं तथा 1043 खातों में बैंक को दृष्टिबंधक किए गए मालों का आकस्मिक सत्यापन किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

बैंक ने 26.10.2016 से 31.10.2016 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। देश भर में शाखाओं / प्रशासनिक कार्यालयों द्वारा युवाओं और ग्राहकों को लक्ष्य बनाकर स्कूलों एवं कॉलेजों, ग्राम सभाओं में "भ्रष्टाचार / निवारक सतर्कता" संबंधी विषयों पर विभिन्न गतिविधियाँ/कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं, जैसे भाषण, चर्चा, निबंध लेखन आदि, आयोजित की गईं । केंद्रीय जाँच ब्यूरो, पुलिस, सरकारी संगठन, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों आदि विशिष्ट व्यक्तियों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया और ग्राहकों / विद्यार्थियों / हमारे स्टॉफ सदस्यों को संबोधित किया।

आपके बैंक द्वारा प्रायोजित तीन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अर्थात प्रथमा बैंक, कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक और आंध्रा प्रगति ग्रामीण बैंक में भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया।

- सतर्कता जागरूकता सप्ताह के प्रत्येक दिन समस्त स्टाफ सदस्यों के लिए निवारक सतर्कता एवं कंप्यूटर सुरक्षा पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 18,932 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।
- धोखाधड़ी रोकने में सक्रिय भूमिका निभानेवाले दो स्टाफ सदस्यों को मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।
- शाखाओं और कार्यालयों में कार्यशालाएं एवं सुग्राही कार्यक्रम (सं. 564) आयोजित किए गए।
- 1,657 ग्रामसभाओं में तथा 1,636 शैक्षिक संस्थाओं मे सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें कुल 66,225 लोगों ने सहभागिता की।

बुनियादी संरचना – सहयोग

बैंक के आस्ति मूल्य में वृद्दि

बैंक ने भोपाल में क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल और स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र को जगह देने के लिए एक तैयार परिसर को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम लिमिटेड (आईएफसीआई लि.) से खरीदा है। क्षेत्रीय कार्यालय, करेंसी चेस्ट, आंचलिक कार्यालय एवं एक शाखा की स्थान व्यवस्था के लिए भवन निर्माण करने के उद्देश्य से लखनऊ में प्लॉट खरीदा गया है। बैंक ने विजयपुर क्षेत्र के अंतर्गत बागलकोट में 2 प्लॉट खरीदे हैं जो बागलकोट शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा आबंटित किए गए हैं।

करेंसी चेस्ट, बैंक की एक शाखा, एटीएम एवं क्षे.का. भुवनेश्वर की स्थान व्यवस्था के लिए जगमारा, भुवनेश्वर, ओडीशा में बैंक के अपने भवन का निर्माणकार्य पूर्ण हो चुका है और तीसरी मंजिल तक भवन के विस्तार का कार्य

- A study on "SWIFT Messaging–Scope for Improvement" has been conducted as part of preventive vigilance exercise.

During the year under review, preventive vigilance exercises were conducted in 620 branches and surprise verification of goods hypothecated to Bank was conducted in 1043 accounts.

Vigilance Awareness week

Bank observed vigilance awareness week from 26.10.2016 to 31.10.2016. Various activities/events/competitions like elocution, debate, essay writing, etc., on issues relating to "Corruption/Preventive Vigilance" at schools and colleges, Gramasabhas targeting youth and customers were conducted by branches/administrative offices throughout the country. Prominent personalities from CBI, Police, Government, Retired Judges, etc., participated and addressed staff/customers/students.

The three Regional Rural Banks sponsored by your Bank, viz., Prathama Bank, Karnataka Vikas Grameena Bank and Andhra Pragathi Grameena Bank also observed vigilance awareness week.

- On-line quiz competition on preventive vigilance and computer security for all the staff was conducted on each day of the Vigilance Awareness Week. 18,932 staff members participated in the quiz competition.
- Two staff members who were instrumental in averting frauds were felicitated by the Managing Director & CEO along with the CVO.
- Workshops and Sensitization programmes (564 nos.) were conducted across branches and offices.
- Vigilance awareness events/programmes were conducted at 1,657 gramsabhas and 1,636 events at educational institutions were held consisting of 66,225 participants.

INFRASTRUCTURE SUPPORT

Enhancement in Asset Value of the Bank

Bank has purchased ready built premises from Industrial Finance Corporation of India Ltd (IFCI Ltd.) at Bhopal for accommodating Regional Office & Staff Training Center at Bhopal. A plot of land at Lucknow was purchased for constructing a building for housing Regional Office, Currency Chest, Zonal Office and a Branch. Bank has also purchased 2 plots of land at Bagalkot under Vijayapura Region allotted by Bagalkot Town Development Authority.

Construction of Bank's own building at Jagmara, Bhubaneswar, Odisha for housing Currency Chest, Branch, ATM and RO Bhubaneswar is completed and extension of building for 3rd floor is also nearing completion. Construction of Bank owned Building at Mannagudda, Mangalore for housing Currency Chest, Branch with ATM/e-lounge and

भी जल्द ही पूर्ण होने जा रहा है। इसी प्रकार, मण्णगुड्डा मंगलूर में करेंसी चेस्ट, एटीएम/ई-लाउंज सहित शाखा एवं आवासीय मकानवाले बैंक के निजी भवन निर्माण का कार्य, जो पिछले वर्ष पूरा नहीं हो सका, उसे भी इस वित्तीय वर्ष के दौरान फिर से प्रारंभ किया गया है।

छवि निर्माण

बैंक ने, शाखाओं के परिवेश में सुधार लाने के लिए अनन्या परियोजना के अंतर्गत शाखाओं की रूपांतरण प्रक्रिया शुरु की है ताकि ग्राहकों के लिए अधिकतम सुविधा सुनिश्चित किया जा सके; जैसे अन्य समकक्ष बैंकों की तरह ग्राहकों के लिए ज्यादा जगह, वातानुकूलन, एक समान रंग समायोजन आदि उपलब्ध कराना ताकि कर्मचारियों को सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ ग्राहकों को आकर्षित करके नए कारोबार जुटाए जा सकें। नई पीढ़ी के ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के साथ-साथ शाखाओं में उपलब्ध अतिरिक्त जगह के सदुपयोग के लिए बैंक, ई-लाउंज भी खोल रहा है। पहले चरण में 370 शाखाओं का रूपांतरण किया गया है। अपनी छवि में सुधार लाने के लिए बैंक, महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी शाखाएं खोल रहा है। यथा संभव शाखाएँ भूतल पर ही खोली गई हैं।

अन्य

- भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति के तहत, बैंक ने विभिन्न शाखाओं के लिए डेस्क टॉप नोट सॉर्टिंग मशीनें खरीदने हेतु निविदा मंगाया है। तकनीकी मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है। बोली की छानबीन के बाद प्रतिवर्ती नीलामी की जाएगी और आदेश दिए जाएंगे। विमुद्रीकरण की वजह से कुछेक करेंसी चेस्टों में अनसॉर्टेड पुराने ₹500/- एवं ₹1000/- मूल्य वर्ग की नकदी संचित होने से बैंक ने, इनके लिए 10 बड़ी नोट सॉर्टिंग मशीनें मंगाई है।
- शाखाओं, कार्यालयों और एटीएम के लिए पट्टे पर लिए गए परिसरों के ब्यौरे प्राप्त करने के लिए डीआईटी द्वारा विकसित इन-हाउस ऑनलाइन वेब पोर्टल से बैंक को, परिसर संबंधी पट्टे की वास्तविक स्थिति प्राप्त होती है जिससे एमआईएस रिपोर्ट प्राप्त करने के अलावा बेहतर निगरानी प्रणाली के जरिए समय पर नवीकरण सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। बैंक ने, अनन्या परियोजना हेतु निर्दिष्ट शाखाओं के परिसर, जिनकी पट्टा अवधि थोड़ी अवधि के बाद समाप्त होनेवाली है, के मालिकों के साथ पत्राचार किया है और पट्टे के शीघ्र नवीकरण हेतु अनुरोध किया है ताकि सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त होने से निर्दिष्ट शाखाओं में निर्बाध रूप से परियोजना का कार्यान्वयन किया जा सके।
- बैंक ने, फर्नीचर, जुड़नार, बिजली के सामानों एवं मोटर वाहनों के लेखाकरण के लिए सभी शाखाओं/कार्यालयों में ऑनलाइन एसेट मेनेजमेंट सॉफ्टवेयर 'सम्मिट' को सफल रूप से लागू किया है। अधिकारियों की फर्नीचर योजना के अंतर्गत लिए गए फर्नीचरों सहित समस्त चल संपत्तियों के ब्यौरे एक बटन दबाते ही तत्काल उपलब्ध होंगे। इससे बैंक, संगठनात्मक ढाँचे के समस्त स्तर पर आस्तियों की निगरानी करने और प्रबंधन निर्णय लेने के लिए विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट प्राप्त करने में सक्षम हुआ है।
- वर्ष 2016-17 के दौरान मूल्यह्रास करने की पद्धति एवं दर को डब्ल्यूडीवी पद्धति से एसएलएम पद्धति में परिवर्तित किया गया है और इस प्रक्रिया को

residential quarters which could not materialize last year is also taken up during this financial year.

Image Building

Bank has initiated the process of Branch Transformation under Project Ananya for improving the ambience of Branches for ensuring maximum comfort to the customers like providing larger customer space, air conditioning, following uniform colour scheme, at par with other peer Banks to attract customers and garner new business besides giving comfort to the employees. Bank is also opening e-Lounge for effective utilization of space of the branches, besides attracting new generation customers to our fold. Branch transformation of nearly 370 branches has already been taken up in the first stage. Bank is going for opening of branches in prominent locations to improve the visibility. Branches are invariably opened on ground floors unless it is not available.

Others

- Under RBI's clean note policy, Bank has already floated the tender for procurement of Desk Top Note Sorting Machines to various branches. The Technical Evaluation is under process. On completion of scrutiny of bids, reverse auction will be conducted and orders will be placed. In the meantime, Bank has procured another 10 Heavy Duty Note Sorting Machines for a few currency chests where huge unsorted cash had accumulated on account of demonetization of old ₹500/- and ₹1000/- notes.
- The in-house on-line web portal developed by DIT for capturing details of leased premises of branches, offices and ATMs has enabled the Bank to have a real-time status of premises leases for better monitoring system to ensure timely renewal apart from getting useful MIS reports. Bank has corresponded with the premises owners of Branches identified for Ananya Project and having short unexpired lease period, requesting them for early renewal of lease and received good response thus enabling smooth implementation of the project in identified branches. .
- The Bank has successfully implemented on-line Asset Management Software "Summit" in all the branches/offices to account the furniture, fixtures, electric fittings and motor vehicles. The details of all movable assets including those availed by officers under officer's furniture scheme are available on real-time at the press of a button. This has enabled the Bank to monitor assets at all levels of organizational hierarchy and generate different types of reports to take management decisions.
- The method of application and rate of depreciation has been changed during 2016-17 from WDV method

सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। आस्तियों की स्थिति उपयोगी होने पर भी उन पर मूल्यह्रास प्रभारित हो जाता है, ऐसे में इस बदलाव से वित्तीय विवरणियों के बेहतर प्रस्तुतीकरण का प्रयास किया गया।

➢ बैंक ने, अधिकारियों को व्यक्तिगत पट्टे पर आबंटित क्वार्टर एवं बैंक के स्वामित्व वाले आबंटित क्वॉर्टर के ब्यौरों को प्राप्त करने के लिए डीआईटी द्वारा विकसित इन-हाउस ऑनलाइन वेब पोर्टल का शुभारंभ किया है। इस अप्लिकेशन से अधिकारियों को आबंटित क्वार्टर एवं मालिकों को दिए गए अग्रिम किराये से संबंधित स्पष्ट चित्रण प्राप्त होगा और एमआईएस रिपोर्ट के जरिए प्रबंधन को निर्णय लेने में आसानी होगी।

क्षेत्रीय कार्यालयों का पुनर्गठन

कारोबार विकास और बेहतर निगरानी एवं नियंत्रण लाने के उद्देश्य से, बैंक ने वर्ष 2016-17 के दौरान मौजूदा आगरा, लखनऊ और वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालयों से कुछ शाखाओं को निकालकर ''कानपुर'' में एक नया क्षेत्रीय कार्यालय खोला है।

औद्योगिक संबंध

वर्ष के दौरान बैंक के औद्योगिक संबंध मैत्रीपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण रहे, जिससे बैंक को कारोबार के समग्र विकास में सहायता मिली है। बैंक के यूनियन/संघ भी कॉरपोरेट लक्ष्य के प्रति संवेदनशील तथा सक्रिय रहे है।

पुरस्कार एवं सम्मान

वर्ष 2016-17 के दौरान आपके बैंक को प्राप्त विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान निम्नवत् हैं

❖ 'ग' क्षेत्र स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की श्रेणी में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदत्त 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' के तहत बैंक को लगातार दूसरी बार वर्ष 2015-16 के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

❖ राजभाषा सेवा संस्थान एवं परिवर्तन जन कल्याण समिति, नई दिल्ली से सर्वोत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन और सर्वोत्तम प्रकाशन ('जागृति' गृह पत्रिका) और सर्वश्रेष्ठ संदर्भ पुस्तक (आइए प्रांतीय भाषा में बात करें) हेतु वर्ष 2015-16 के लिए बैंक को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

❖ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित हिंदी गृह पत्रिका प्रतियोगिता में वर्ष 2015-16 के लिए बैंक की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका ''जागृति'' को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

❖ नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं (फरवरी 2015 से मार्च 2016 तक) के वित्तपोषण हेतु संपार्श्व मुक्त किसान हितैषी पहल के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा बैंक को ''**प्रशस्ति प्रमाणपत्र**'' प्राप्त हुआ है।

❖ ग्रामीण युवा पुरुष एवं महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए बैंक को रॉटरी क्लब बेंगलूरु द्वारा ''**स्टर्लिंग ट्रायलब्लेज़र्स**'' पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

to SLM and the process was successfully completed in time. The changes have been done to make more appropriate presentation of financial statements by way of even charge of depreciation over useful life of assets.

➢ Bank has also launched in-house on-line web portal developed by DIT to capture the details of quarters allotted to Officers both on personal lease and those owned by the Bank. The application will give a clear picture about quarter facility to officers and advance rent paid to owners and would go a long way in taking Management decisions through MIS reports.

Re-organization of Regions

With the aim of business development and better monitoring and control, Bank has opened 1 new regional office at "*Kanpur*" by carving out branches from existing Agra, Lucknow and Varanasi Regions during the year 2016-17.

INDUSTRIAL RELATIONS

During the year industrial relations in the Bank has been cordial and harmonious facilitating all-round growth in the business of the Bank. The Unions/Associations have also been responsive and proactive to the corporate goals.

ACCOLADES AND AWARDS

The details of various awards and accolades received by your Bank during the year 2016-17 which have been mentioned as under.

❖ Bank has been awarded "Rajbhasha Kirti Puraskar" for 2015-16 with first prize in the public sector bank category by the Government of India for its outstanding performance in official language implementation in 'C' region consecutively for second time.

❖ First Prize for best official language implementation and best publication ("Jagriti" house journal) & Best Reference Book (let us speak in Regional Language) awards for 2015-16 from Rajbhasha Seva Sansthan and Parivartan Jan Kalyan Samiti, New Delhi.

❖ Bank's quarterly Hindi magazine "Jagriti" received third prize in Hindi House Journal Competition for 2015-16 conducted by Reserve Bank of India.

❖ Bank has been awarded "Certificate of Commendation" from Ministry of New and Renewable Energy Government of India for collateral free farmers friendly initiatives for financing of renewable energy projects (during Feb. 2015 to Mar. 2016).

❖ Bank has conferred "Sterling Trailblazers" award for Economic Empowerment of Rural Young Men and Women from Rotary Club, Bengaluru.

❖ उत्तरी क्षेत्र के शीर्ष वित्तीय संस्थाओं की निर्यात उत्कृष्टता हेतु वर्ष 2014-15 के लिए भारतीय निर्यात संघ(एफआईईओ) द्वारा बैंक को **''एफआईईओ निर्यात उत्कृष्टता-गोल्ड ट्राफी''** पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

❖ आपके बैंक को निम्न वर्गों में स्कॉच अवार्ड प्राप्त हुआ है:

- डीजीएलएल के लिए ऑनलाइन भुगतान समाधान के लिए स्कॉच स्मार्ट टेक्नोलॉजी अवार्ड जून 2016 : वेसेल/कार्गो कनसाइनमेंट से बिजली बकाया (डीजीएलएल-लाइट हाउस एंड लाइट शिप महानिदेशालय) की ऑनलाइन वसूली की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंक को ''स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार'' प्राप्त हुआ है।
- स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार 2016: एनपीए ट्रैकर, जिओ टैगिंग, लघु संस्थानों को ऑनलाईन शुल्क वसूली सुविधा प्रदान करने एवं भारत के शीर्ष 100 परियोजनाओं के लिए एटीएम फेन्स के विकास एवं क्रियान्वयन के लिए बैंक को ''स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार दिसंबर 2016'' प्राप्त हुआ है।
- स्कॉच स्मार्ट टेक्नोलॉजी रजत पुरस्कार 2016 : एनपीए ट्रैकर, जिओ टैगिंग, लघु संस्थानों को ऑनलाईन शुल्क वसूली सुविधा आदि एप्लिकेशनों के विकास एवं क्रियान्वयन हेतु बैंक को ''स्कॉच स्मार्ट टेक्नोलॉजी रजत पुरस्कार 2016'' प्राप्त हुआ है।

❖ विभिन्न एनपीसीआई उत्पादों के चयनित मापदंडों में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए बैंक को ''एनपीसीआई- राष्ट्रीय भुगतान उत्कृष्टता पुरस्कार 2016'' प्राप्त हुआ है।

❖ सेलको फाउंडेशन द्वारा सोलर वित्तपोषण के अंतर्गत बैंक की पहल व प्रदर्शन के लिए बैंक को ''सूर्य मित्र पुरस्कार'' प्राप्त हुआ है।

सुरक्षा

बैंक का सुरक्षा विभाग हमारी सभी शाखाओं, एटीएम, करेंसी चेस्टों और कार्यालयों को अपेक्षित समयानुकूल प्रभावी, कारगर तथा प्रगतिपरक बेहतर सुरक्षा सेवाएँ प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इसी प्रतिबद्धता के कारण इस विभाग को मई 2007 में आईएसओ 9001:2000 प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है जिसे सितंबर 2010 में आईएसओ 9001:2008 में अपग्रेड किया गया है। 2015 अंतर्राष्ट्रीय मानक में परिवर्तन होने के कारण, विभाग विस्तृत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली लेखापरीक्षा (क्यूएमएस) के अधीन है और संशोधित मानकों के अनुरूप इसका मूल्यांकन किया गया है। तदनुसार, इस विभाग को 15.09.2016 से आईएसओ 9001:2015 प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ। इस प्रकार इस विभाग ने सभी सरकारी बैंकों के बीच आईएसओ 9001:2015 प्रमाणीकरण प्राप्त करनेवाला प्रथम सुरक्षा विभाग के रूप में श्रेष्ठता प्राप्त की है। फिलहाल यह प्रमाणीकरण 14 सितंबर 2019 तक के लिए वैध है और विभाग की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की आवधिक निगरानी लेखापरीक्षा के अधीन है।

❖ Bank has received "FIEO Export Excellence-Gold Trophy" award by the Federation of India Export Organization (FIEO) for the FIEO Export Excellence of the top financial institution of Northern Region for the year 2014-15.

❖ Your bank has received Skoch Awards under the following categories:

- Skoch Smart Technology Award June 2016 for "On-line payment solution for DGLL: Bank was awarded "Skoch Order-of-Merit award" for facilitating on-line collection of light dues (DGLL-Directorate General of Light Houses & Light Ships) from vessel/cargo consignments.
- Skoch Order of Merit Award December 2016: Bank was received "Skoch Order of Merit Award 2016" for developing and implementing NPA Tracker, Geo Tagging, On-line Fee Collection Facility to Small Institutions & ATM Fence for amongst top 100-projects in India.
- Skoch Smart Technology Silver Award 2016: Bank was awarded the "Skoch Smart Technology Silver Award 2016" for developing and implementing NPA Tracker, Geo Tagging & on-line fee collection facility to small institutions applications.

❖ Bank was conferred "NPCI–National Payments Excellence Award 2016" in recognition of excellent performance in select parameters of various NPCI products.

❖ Bank was received "Surya Mitra Award" for Bank's initiatives and performance under solar financing by SELCO foundation.

SECURITY

The security department of the Bank is making constant efforts to provide effective, efficient and progressively better security services to all Branches, ATMs, currency chests and administrative offices based on real time needs. This commitment resulted in the department obtaining the ISO 9001:2000 certification in May 2007 which was later in September 2010 upgraded to ISO 9001:2008. With the transition to 2015 International Standard, department was subjected to an extensive audit of Quality Management Systems (QMS) and was assessed to having conformed with the revised standards. Accordingly the department has been conferred with the ISO 9001:2015 certification with effect from 15.09.2016. The department has thus achieved this unique distinction of being the first and only security department among all the Public Sector Banks to become ISO 9001:2015 compliant. The certification is currently valid till 14th September 2019 subject to periodic surveillance audits of the Department's Quality Management Systems.

वार्षिक सुरक्षा कार्ययोजना के जरिए क्षेत्रीय कार्यालयों में सुरक्षा मामलों के दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन किया गया है। शाखाओं, एटीएम, मुद्रा तिजोरियों और प्रशासनिक कार्यालयों की सुरक्षा के लिए वर्ष के दौरान प्राप्त भारतीय रिज़र्व बैंक के सभी दिशानिर्देशों एवं अनुदेशों का कार्यान्वयन एवं अनुपालन किया गया है। मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार, सभी मुद्रा तिजोरियों की सुरक्षा लेखापरीक्षा की गई है। सभी मुद्रा तिजोरियों को सुरक्षा तथा निगरानी उपकरण जैसे, सीसीटीवी, ऑटोमेटिक टाइम लॉक, बायो-मेट्रिक एक्सेस कंट्रोल, हॉटलाइन्स, पैसिव इंफ्रारेड डिवाइस, ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम और ऑटो डायलर्स उपलब्ध कराए गए हैं। बैंक के सभी कैश वैन में ग्लोबल पोजिशनिंग रेडियो सिस्टम (जीपीआरएस) उपलब्ध कराए गए हैं ताकि मार्गस्थ विप्रेषण का तत्काल पता लगाया जा सके।

शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने और सरकार के निदेशों के अनुपालन हेतु सभी शाखाओं में सीसीटीवी लगाए गए हैं। शाखा स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए, आईबीए के दिशानिर्देशों के अनुसार शाखाओं में जोखिम श्रेणीकरण की प्रक्रिया अपनाई गई है ताकि सभी शाखाओं की जोखिम श्रेणी के अनुसार पर्याप्त सुरक्षा संरचना उपलब्ध कराई जा सके। इसके अतिरिक्त, जहाँ कानून व्यवस्था बिगड़ जाती है, उन स्थानों में, स्थिति में सुधार होने तक अस्थायी सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाती है।

एटीएम में बढ़ते अपराध को देखते हुए, सुरक्षा बढ़ाई गई है जिसके तहत लॉबी तथा बाह्य क्षेत्र को कवर करते हुए पैनिक स्विच वाले साउंड अलार्म सिस्टम के साथ अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा लगाए गये हैं। सभी एटीएम को जमीन पर गाड़कर स्थापित किया गया है ताकि कोई उसे ले जा न सके। ऑफ साईट एवं जोखिम भरे एटीएम के अतिरिक्त, उन एटीएम केन्द्रों में चौबीस घंटे शस्त्ररहित गार्ड तैनात किए गए हैं जहाँ न्यायिक/ पुलिस प्राधिकारी ने गार्ड तैनात करने की सलाह दी है और उन स्थानों में भी जहाँ, कानून व्यवस्था की स्थिति ऐसी हो। अपराध परिदृश्य और आतंकी संभावनाओं के आधार पर, सुरक्षा व्यवस्थाओं की आवधिक समीक्षा एवं अद्यतन किए जाते हैं। बैंक के हितों की पर्याप्त सुरक्षा के लिए समुचित सक्रिय, निवारक एवं सावधानी उपायों को अपनाए गए हैं।

सिंड बैंक सर्विसेस लिमिटेड

सिंड बैंक सर्विसेस लिमिटेड (एसबीएसएल) की स्थापना दि. 25.01.2006 को कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत सिंडिकेटबैंक, उसके ग्राहकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं को बैक-ऑफिस सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से ₹10 करोड़ की प्राधिकृत पूँजी और ₹25 लाख की प्रदत्त पूंजी के साथ सिंडिकेटबैंक की एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के रूप में की गई । वर्ष 2016-17 के दौरान कंपनी द्वारा निम्नलिखित कार्यकलाप किए गए हैं:

I. कंपनी, बैंक द्वारा प्राप्त आंकड़ों के आधार पर एसएमए उधारकर्ताओं को मासिक रूप से एसएमएस संदेश भेजने के अलावा खुदरा ऋणों के अनुवर्तन नोटिसों का मुद्रण करके मासिक आधार पर उसे भेजने का कार्य

The guidelines on security matters are disseminated to all the Regional Offices for implementation through annual security action plan. All the guidelines and instructions received from RBI during the year relating to the security of branches, ATMs, currency chests and administrative offices have been implemented and complied with. As per guidelines, security audit has been conducted in respect of currency chests. All currency chests are provided with security and surveillance equipment like CCTVs, Automatic Time Lock, Biometric Access Control, Hotlines, Passive Infra Red Devices, Automatic Fire Detection & Alarm Systems and Auto dialers. All the cash vans of the Bank have been provided with Global Positioning Radio System (GPRS) to facilitate real time tracking of remittance in transit.

To augment the security arrangements at branches and in compliance to the directions of the Government, CCTV has been installed at all branches. As part of the ongoing process of strengthening the security at branch level, the system of risk categorization of branches has been adopted in line with IBA guidelines so as to provide adequate security infrastructure commensurate with the risk category at all branches. In addition, in places where the law & order situation deteriorates, flexibility to provide security guards temporarily till security scenario improves has been made.

In view of the increasing crimes on ATMs, security has been enhanced and additional CCTV cameras have been installed to cover the lobby and exterior areas along with sound alarm system with panic switch. The ATMs are being grouted to the ground so that they cannot be easily carted away. Apart from offsite and critically sited ATMs, round the clock unarmed guards have been deployed at those ATM centers where the police authorities have advised for posting of guards and also at places where the law and order situation so warrants. Based on the crime scenario and threat perceptions, the security arrangements are periodically reviewed and updated. Suitable pro-active preventive and precautionary measures are put in place to adequately safeguard the interests of Bank.

SYND BANK SERVICES LIMITED

SyndBank Services Limited (SBSL) was incorporated under the companies act, 1956, on 25.01.2006, as a wholly owned subsidiary of SyndicateBank, with an authorized capital of ₹10 crores and paid up capital of ₹ 25 lakhs to extend back-office services to SyndicateBank, its clients and other financial institutions. The company has undertaken the following activities during the year 2016-17:

I. The company prints and dispatches retail loan follow up notices to SMA borrowers on monthly basis based on the data received from the Bank apart from sending SMS messages on monthly basis which

भी करती है जिससे बैंक को अपने खुदरा ऋण संविभाग को समृद्ध रखने में मदद मिली है।

II. सीओ:पीएससीडी की ओर से कंपनी ने हिंदी, कन्नड़, तेलुगू, तमिल, मराठी, मलयालम, बांग्ला, ओड़िया आदि स्थानीय भाषाओं में फसल ऋण नवीकरण सूचनाओं को मुद्रित करने की व्यवस्था की है।

III. कंपनी, बेंगलूरु उत्तर एवं दक्षिण के साथ कुछ अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आनेवाली शाखाओं के खुदरा उधारकर्ताओं और एसएमए खाताधारकों को बैंक की तरफ से फोन कर उनका अनुवर्तन करने के लिए लघु कॉल सेंटर सेवा भी प्रदान करती है। 60 प्रतिशत से अधिक बकाया खातों में वसूली के साथ इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

IV. बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा जारी क्रय आदेश के अनुरूप, सिंडिकेट बैंक एवं उसके द्वारा प्रायोजित ग्रामीण बैंकों तथा अन्य सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के लिए खरीदे गए कंप्यूटर हार्डवेयर की आईटी अधिकारियों द्वारा लदान पूर्व/लदानोत्तर परीक्षण की जाती है।

V. सिंडिकेट बैंक और उसके द्वारा प्रायोजित ग्रामीण बैंकों को बाह्यनियोजन के माध्यम से डेबिट कार्ड पर्सनलाइजेशन की सेवा प्रदान करती है।

VI. सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों के लिए इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड का मुद्रण व प्रेषण।

VII. सिंडिकेट बैंक की तरफ से बीडब्ल्यूएसएसबी कियोस्क से नकदी व चेकों का संग्रहण करता है और बाह्य स्रोतों के माध्यम से सीबीएस में अपलोड करने के लिए क्लियरिंग अपलोडेबल फाईल तैयार करता है।

VIII. आउटसोर्सिंग गतिविधियाँ जैसे, सीओ: डीआईटी बेंगलूरु में इंटरनेट बैंकिंग हेल्पडेस्क की चौबीसों घंटे सेवा तथा सिंडिकेट बैंक कॉरपोरेट कार्यालय, बेंगलूरु में राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) के कॉल डेस्क के लिए संसाधन उपलब्ध कराना।

IX. सिंडिकेट बैंक की शाखाओं को मोबाइल बैंकिंग से संबंधित पिन मेलर का प्रेषण।

X. वर्ष के दौरान कंपनी ने मोबाइल बैंकिंग हेल्प डेस्क एवं एटीएम मॉनिटरिंग डेस्क के लिए सीओ:डीआईटी को स्टाफ सदस्यों की सेवाएँ प्रदान की।

XI. कंपनी ने वर्ष के दौरान मूल बैंक के विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर दिए गए प्रमुख कार्यों को तथा सीओ: पीएससीडी की ओर से बाह्यनियोजन के माध्यम से आंध्र प्रदेश में उचित मूल्य डीलरों को टेली कॉलिंग के माध्यम से नकदी रहित लेनदेनों के कार्यान्वयन में तथा उससे संबंधित तकनीकी परेशानियों के बारे में उनको शिक्षित करने के लिए उनकी तैयारी/अनुपालन स्तर के संबंध में सूचना एकत्रित करने जैसी गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

XII. कंपनी ने सीओ: पीएससीडी की ओर से देश भर में फैले हुए कारोबार प्रतिनिधियों (बीसी) को वर्तमान स्थिति की जानकारी देने हेतु टेली कॉल करती है।

helped the Bank to maintain a healthy retail loan portfolio.

II. The Company made arrangements to print crop loan renewal notices in local languages like Hindi, Kannada, Telugu, Tamil, Marathi, Malayalam, Bengali , Oriya etc. on behalf of CO: PSCD.

III. The Company has continued the service of managing a small call center service on behalf of the Bank to tele-call the retail loan borrowers and follow up SMA Accounts of the Branches coming under Bengaluru North and South Regions and also few other Regions. There is a good response to this with recovery in over 60% of delinquent accounts.

IV. Pre-shipment/Post-shipment testing of computer hardware procured by SyndicateBank and RRBs sponsored by SyndicateBank and also of other public sector Banks/financial institutions by IT officers to ensure that the hardware meets the specifications, as per the purchase order issued by the banks/financial institutions.

V. Debit card personalization services for SyndicateBank and RRBs sponsored by the Bank through outsourced model.

VI. Printing & Dispatch of internet banking passwords for customers of SyndicateBank.

VII. Collection of cheques and cash from BWSSB Kiosks spread across Bengaluru city and preparing clearing uploadable files on CBS system on behalf of Syndicate Bank, through outsourced model.

VIII. Outsourcing activities like providing resources for manning 24 x 7 internet banking help desk at CO: DIT, Bengaluru and resources for call desk for State Level Bankers Committee (SLBC), at SyndicateBank's Corporate Office at Bengaluru.

IX. Dispatch of PIN mailers to the branches of SyndicateBank in respect of Mobile Banking.

X. During the year the company provided man power service support to CO:DIT to set up Mobile Banking Help Desk and ATM Monitoring Desk.

XI. The company during the year has taken up Ad-hoc work from time to time from various departments of the parent Bank and successfully completed the assignments, one such activity being, tele-calling fair price dealers in Andhra Pradesh and to collect information on their readiness / compliance level with regard to implementation of cashless transactions and also educating them on technical issues involved, on behalf of CO: PSCD, through outsourced model.

XII. The company also tele called Business Correspondents (BCs) spread across the country to ascertain the present status on behalf of CO: PSCD.

अपनी शुरुआत से ही एसबीएसएल, एक लाभदायक कंपनी रही है और लगातार अपने राजस्व में संवृद्धि कर रही है। पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रमुख मानदंडों के अंतर्गत इसकी निष्पादन विशेषताएँ निम्नवत् हैं:

(₹ लाख में)

विवरण	मार्च 2015	मार्च 2016	मार्च 2017
प्राधिकृत पूंजी	1,000	1,000	1,000
प्रदत्त पूंजी	25	25	25
आरक्षित निधि एवं अधिशेष	780	978	1,270
अचल आस्तियाँ (निवल)	6	6	3
कुल आय	479	555	791
कर पूर्व लाभ	235	296	429
कर पश्चात लाभ	158	198	291

निदेशक मंडल में परिवर्तन

1. श्री सीएच एसएस मल्लिकार्जुन राव ने दिनांक 15.09.2016 को बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यग्रहण किया है।
2. भारत सरकार द्वारा सनदी लेखाकार निदेशक के रूप में नामित श्री जयंत पुरुषोत्तम गोखले ने दि.30.08.2016 को बोर्ड में कार्यग्रहण किया है।
3. भारत सरकार द्वारा नामिती निदेशक के रूप में नामित सुश्री वंदना कुमारी जेना ने दि.25.04.2016 को बोर्ड में कार्यग्रहण किया है।
4. भारत सरकार द्वारा नामिती निदेशक के रूप में नामित श्री जी रमेश ने दि.25.04.2016 को बोर्ड में कार्यग्रहण किया है।
5. श्री सुनील वशिष्ठ को दि.17.09.2016 को शेयरधारक निदेशक के रूप में चयनित किया गया है।
6. श्री अतुल ए गलांडे, शेयरधारक निदेशक ने दि.25.06.2016 को अपनी अवधि पूरी कर ली।
7. गैर- कामगार निदेशक, श्री संजय ए मांजरेकर ने दि.16.07.2016 को अपनी अवधि पूरी कर ली।
8. कार्यपालक निदेशक, श्री टी के श्रीवास्तव दि.30.07.2016 को सेवानिवृत्त हुए हैं।
9. कामगार निदेशक, श्री शंकरन भास्कर अय्यर ने दि.03.09.2016 को अपनी अवधि पूरी कर ली।

निदेशकों की जिम्मेदारी संबंधी वक्तव्य

31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष से संबंधित वार्षिक लेखों को तैयार करते समय निदेशक मंडल निम्नवत् पुष्टि करते हैं;

कि, वार्षिक लेखा तैयार करते समय लागू लेखाकरण मानकों का पालन किया गया है तथा उचित स्पष्टीकरण भी दिए गए हैं।

कि, लेखाकरण नीतियों को भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार तैयार किया गया है और उनका निरंतर प्रयोग किया गया है।

कि, समुचित और विवेकपूर्ण निर्णय एवं प्राक्कलन किए गए हैं ताकि वे वित्तीय वर्ष के अंत तक बैंक के कारोबार तथा 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लाभ व हानि से संबंधित यथार्थ एवं स्पष्ट आलोकन प्रस्तुत कर सकें।

SBSL, a profit making company since its inception, is consistently improving its revenues. The performance highlights under key parameters during the last three years is as under -

(₹ in lakhs)

Particulars	March '15	March '16	March '17
Authorised Capital	1,000	1,000	1,000
Paid-Up Capital	25	25	25
Reserves & Surplus	780	978	1,270
Fixed Assets (Net)	6	6	3
Total Income	479	555	791
Profit before Tax	235	296	429
Profit after Tax	158	198	291

CHANGES IN THE BOARD

1. Shri CH. S S Mallikarjuna Rao has assumed charge as Executive Director of the Bank on 15.09.2016.
2. Shri Jayant Purushottam Gokhale nominated as CA Director by the Government of India has joined the Board w.e.f. 30.08.2016.
3. Ms. Vandana Kumari Jena nominated as Nominee Director by the Government of India has joined the Board w.e.f. 25.04.2016.
4. Shri G Ramesh nominated as Nominee Director by the Government of India has joined the Board w.e.f. 25.04.2016.
5. Shri Sunil Vashisht elected as Shareholder Director of the Bank w.e.f. 17.09.2016.
6. Shri Atul A Galande, Shareholder Director, completed his tenure of Office on 25.06.2016.
7. Shri Sanjay A Manjrekar, Non-Workmen Director, completed his term on 16.07.2016.
8. Shri T K Srivastava, Executive Director, superannuated on 30.07.2016.
9. Shri Sankaran Bhaskar Iyer, Workman Director, completed his term on 03.09.2016.

DIRECTORS' RESPONSIBILITY STATEMENT

The Directors, in preparation of the annual accounts for the year ended March 31, 2017, confirm the following:

That the applicable accounting standards have been followed in the preparation of annual accounts along with proper explanation relating to making departures.

That the accounting policies, framed in accordance with the guidelines of the Reserve Bank of India, were consistently applied.

That reasonable and prudent judgments and estimates were made so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank as at the end of financialy year and of the profit or loss of the Bank for the year ended March 31, 2017.

कि, बैंक की आस्तियों की रक्षा करने तथा धोखाधड़ी और अन्य प्रकार की विसंगतियों को रोकने व उसका पता लगाने के लिए उन्होंने भारत में बैंकों पर लागू होनेवाली विधि संबंधी उपबंधों के अनुसार लेखाकरण अभिलेखों का रख-रखाव करने हेतु उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है।

कि, वार्षिक लेखों को निरंतर आधार पर तैयार किया गया है।

कि, सभी लागू नियमों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु यथोचित प्रणाली बनाए गए हैं तथा ये प्रणाली पर्याप्त हैं एवं प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं।

आभार

भारत और विदेश की आम जनता, अपने मूल्यवान ग्राहकों, शेयरधारकों और कर्मचारी सदस्यों से प्राप्त निरंतर सहयोग और संरक्षण के लिए, अपनी सच्ची सराहना को निदेशक मंडल प्रसन्नतापूर्वक अभिलेखित करता है।

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी तथा अन्य विनियामक प्राधिकारियों, विभिन्न वित्तीय संस्थाओं, बैंकों तथा भारत में और भारत से बाहर के प्रतिनिधियों के प्रति भी समय-समय पर दिए गए उनके अटल एवं महत्वपूर्ण समर्थन व मार्गदर्शन के लिए निदेशक मंडल आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल, बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त श्री सीएच एस एस मल्लिकार्जुन राव, बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में चयनित श्री सुनील वशिष्ठ, बैंक के सरकारी सीए निदेशक के रूप में नामित श्री जयंत पुरुषोत्तम गोखले, बैंक के सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नामित सुश्री वंदना कुमारी जेना, बैंक के सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नामित श्री जी रमेश का स्वागत करता है।

निदेशक मंडल, श्री टी के श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक, श्री अतुल ए गलांडे, शेयरधारक निदेशक, श्री संजय ए मांजरेकर, गैर-कामगार निदेशक तथा श्री शंकरन भास्कर अय्यर, बैंक के कामगार निदेशक को, जिन्होंने वर्ष के दौरान अपनी अवधि पूरी कर ली है, उनके द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान दिए गए मार्गदर्शन, नेतृत्व और समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(अरुण श्रीवास्तव)
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थान : मणिपाल
दिनांक : 25.05.2017

That proper and sufficient care was taken for maintenance of adequate accounting records in accordance with the provision of applicable laws governing banks in India for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities.

That the annual accounts have been prepared on a 'going concern' basis.

That proper systems have been devised to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

ACKNOWLEDGEMENT

The Directors wish to place on record their sincere appreciation to the public, valuable customers, shareholders and staff members for their continued support and patronage in India and abroad.

The Directors are also indebted to the Ministry of Finance, Government of India, RBI, SEBI and other regulatory authorities, various Financial Institutions, Banks and Correspondents in India and abroad for their unflinching and valuable support and guidance from time to time.

The Board wishes to welcome Shri CH. S S Mallikarjuna Rao, who has been appointed as the Executive Director of the Bank; Shri Sunil Vashisht, who has been elected as Shareholder Director of the Bank and Shri Jayant Purushottam Gokhale, who has been nominated as Government CA Director of the Bank; Ms. Vandana Kumari Jena, who has been nominated as Government Nominee Director of the Bank; Shri G Ramesh, who has been nominated as Government Nominee Director of the Bank.

The Board also expresses their indebtedness to Shri T K Srivastava, Executive Director, Shri Atual A Galande, Shareholder Director, Shri Sanjay A Manjrekar, Non-Workmen Director and Shri Sankaran Bhaskar Iyer, Workman Director of the Bank who have completed their term during the year for their able guidance, leadership and support that they had provided during their tenure in the Bank.

For and on behalf of the Board of Directors.

(Arun Shrivastava)
Managing Director & CEO

Place : Manipal
Date : 25.05.2017

कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट

भविष्य दृष्टि एवं लक्ष्य संबंधी कथन

बैंक का भविष्य-दृष्टि एवं लक्ष्य कथन दीर्घ कालिक कॉरपोरेट लक्ष्यों को साकार करने के साथ ही नये कारोबार जुटाने, ग्राहक सेवा में सुधार करने, भावी बाजार की संभवनाओं का अनुमान लगाने व इसे आँकने और इन अवसरों को दीर्घकालिक व्यवसाय लक्ष्यों में बदलने एवं इनका लाभ उठाने के लिए भी मार्गदर्शन करता है।

हमारी भविष्य दृष्टि :

''ग्राहक केंद्रित, तकनीकी संचालित और कर्मचारी हितैषी बनकर हिताधिकारियों को महत्व देते हुए एक अग्रणी वित्त सक्षम वैश्विक बैंक बनना।''

हमारा लक्ष्य

1. समाज के सभी वर्गों के लिए विभिन्न वित्तीय सेवाएँ प्रदान करते हुए बैंकिंग समाधान का एक अग्रणी सुविधादाता बनना।
2. अपनी ग्राहक सेवा के लिए मशहूर एक अतिमान्य व दृश्यमान ब्रांड बनना।
3. अति सुविधाजनक कार्यस्थल का निर्माण जहाँ कर्मचारी गर्व एवं अभिप्रेरणा महसूस करें।
4. अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं बुनियादी सुविधाओं द्वारा सभी हिताधिकारियों में सुखद माहौल बनाना।
5. प्रभावशाली वित्तीयन एवं परिचालनगत निष्पादन।

2016-17 के लिए मूल्य कथन

बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए निम्नलिखित मूल्य कथन अपनाया गया है:

''नीतिपरक कारोबार अपनाने के लिए लेन-देन में पारदर्शिता द्वारा बेहतर कॉरपोरेट अभिशासन''।

2016-17 के लिए कॉरपोरेट कार्यनीति

कारोबार स्तर, ग्राहक सेवा, अभिशासन एवं अनुपालन में सुधार और भावी लक्ष्यों को साकार करने एवं बदलते बाजार परिदृश्य के अनुमान के द्वारा बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए व अपने प्रतिद्वंदियों से आगे रहने के लिए बैंक सावधानीपूर्वक कॉरपोरेट कार्यनीति के अनुसार कार्य कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के कारोबारी लक्ष्य हासिल करने के लिए अपनाई जानेवाली कार्यनीति पर विचार विमर्श करने के लिए बैंक ने 6 व 7 अप्रैल 2016 को बेंगलूर में कार्यनीति मिलन (स्ट्रेटिजी मीट) 2016-17 का आयोजन किया।

2016-17 के लिए कॉरपोरेट थीम

बैंक की कॉरपोरेट थीम ''एस्पायर'' है जिसे निम्नत: व्यक्त किया गया है:

गुणवत्तायुक्त कारोबार हासिल करना
धारणीय संवृद्धि
संपूर्ण निष्पादन
अभिशासन में सुधार
दबावग्रस्त आस्तियों को कम करना
उत्कृष्ट ग्राहक सेवा

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (का का मं) द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन में किए गए हरित पहल

प्रलेखों को ई-मोड से उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार मेसर्स कार्वी कप्यूटर शेयर (प्रा) लि. बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट के साथ अपने ई-मेल आईडी रजिस्टर करने वाले सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट 2016-2017 की सॉफ्ट प्रति भेजी जाएगी। वार्षिक रिपोर्ट 2016-2017 की एक प्रति बैंक की वेबसाइट www.syndicatebank.in पर उपलब्ध कराई जाएगी।

वार्षिक रिपोर्ट 2016-2017 की कागजी प्रतियाँ ऐसे सदस्यों को भेजी जाएगी जिन्होंने बैंक के साथ अपने ई-मेल आईडी रजिस्टर नहीं किए हैं।

REPORT ON CORPORATE GOVERNANCE

VISION & MISSION STATEMENTS

Bank has a Vision & Mission Statement which acts as a guiding force not only for pursuing long term corporate goals but also paving way to acquire new business, improving customer service, visualize and sizing future market potentials and converting these opportunities into a long term business goal and advantages.

Our Vision:

"Be a leading financially strong universal Bank, creating value for stakeholders through customer centric, technology driven and employee friendly approach".

Our Mission:

1. Be a leading provider of banking solutions providing range of financial services to all strata of society.
2. Be a highly recognized and visible brand, known for its customer service.
3. Be the most preferred place to work where employees feel proud and motivated.
4. Have state of the art technology & infrastructure creating delight among all stakeholders.
5. To deliver strong financial and operational performance.

VALUE STATEMENT FOR 2016-17

Bank adopted "value statement" during the financial year 2016-17 which underlines as under:

"Good Corporate Governance through transparency in dealings in undertaking ethical business".

CORPORATE STRATEGY FOR 2016-17

In order to improve the business level, customer service, governance and compliance and address the key issues with an anticipation of meeting future goal and changing market conditions, Bank is prudently pursing corporate strategies to be ahead in race of its rivals. Bank conducted strategy meet 2016-17 on 6th & 7th April, 2016 at Bengaluru to discuss the strategies to be adopted for achieving the business goals of FY' 2016-17 and identify and realize opportunities for future growth.

CORPORATE THEME FOR 2016-17

The corporate theme of the Bank is "ASPIRE' which signifies as under:

A – Acquire Quality Business
S – Sustainable Growth
P – Perform 360 Degree
I – Improve Governance
R – Reduced Stressed Assets
E – Excellence in Customer Service

Green Initiatives in the Corporate Governance taken by Ministry of Corporate Affairs (MCA)

As per the guidelines of Ministry of Corporate Affairs regarding service of documents by e-mode, soft copies of Annual Report 2016-2017 of the Bank will be sent to those members, who have registered their e-mail IDs with M/s. Karvy Computershare (P) Ltd, Registrar and Share Transfer Agents of the Bank. Soft copy of Annual Report 2016-2017 will be placed on the website of the Bank www.syndicatebank.in.

Hard copies of Annual Report 2016-2017 will be sent to the members who have not registered his/her e-mail address with the Bank.

निदेशक मंडल

निदेशक मंडल, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) के अनुसार तथा केंद्र सरकार के राजपत्र अधिसूचना सं. एफ 4/1/94-BO.I(1) दि. 03.04.1995 जोकि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) एवं वित्तीय संस्थान नियम (संशोधन) अधिनियम 2006 के तहत संशोधित किया गया है।

संप्रति, मंडल में केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त 3 पूर्णकालिक निदेशक यानी केद्र सरकार द्वारा नियुक्त अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा 2 कार्यपालक निदेशक, सरकार द्वारा नामित एक निदेशक, भा.रि.बैं. द्वारा नामित एक निदेशक, 1 सीए निदेशक, 2 नामित निदेशक तथा 2 निर्वाचित शेयरधारक निदेशक हैं। बैंक के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं कार्यपालक निदेशकों को छोड़कर, सभी गैर-कार्यकारी निदेशक हैं। अध्यक्ष एवं मु.का.अ. की अनुपस्थिति में वरिष्ठतम कार्यपालक निदेशक मंडल की अध्यक्षता करेंगे। बैंक का सामान्य पर्यवेक्षण, निदेश, कारोबार एवं कार्यों का प्रबन्धन बैंक के निदेशक मंडल में निहित है।

बैंक के निदेशक मंडल का वर्तमान संघटन एवं श्रेणी निम्नानुसार है (31.03.2017 की स्थिति में):

क्र. सं.	निदेशक का नाम	शैक्षणिक योग्यता	निदेशक पद पर श्रेणी	धारा 9(3) की उप धारा के अंतर्गत	कार्यग्रहण की तारीख
1.	श्री अरुण श्रीवास्तव	एम.एस.सी., सी.ए.आई.आई.बी., ए.आई.बी.एम.	अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी	खंड (ए)	15.05.2015
2.	श्री रवि शंकर पाण्डेय	बी.कॉम., एम.ए.(अर्थ), एल.एल.बी. (एकेडमिक) सी.ए.(इंटर), पीजीडी (बैंकिंग), सी.ए.आई.आई.बी.	कार्यपालक निदेशक	खंड (ए)	10.03.2015
3.	श्री सीएच एस एस मल्लिकार्जुन राव	बी.एस.सी., एल.एल.बी (जी), सी.ए.आई.आई.बी.	कार्यपालक निदेशक	खंड (ए)	15.09.2016
4.	श्री रा ना दुबे	एम.ए. (अर्थशास्त्र), एम.एस.सी. (एम.आई.डी.पी.)	भारत सरकार के नामिती निदेशक (केंद्र सरकार के कार्मिक)	खंड (बी)	15.01.2016
5.	श्री रुद्र नारायण कर	एम.ए., एम.फिल., एम.एस. (फिनांस)	भा.रि.बैं. के नामिती निदेशक (भा.रि.बैं. के पदाधिकारी)	खंड (सी)	23.02.2015
6.			कामगार कर्मचारी निदेशक	खंड (ई)	04.09.2016 से रिक्त
7.			अधिकारी कर्मचारी निदेशक	खंड (एफ)	17.07.2016 से रिक्त
8.	श्री जयंत पी गोखले	बी.कॉम., एल.एल.बी., एफ.सी.ए.	सी.ए. निदेशक	खंड (जी)	30.08.2016
9.	सुश्री वन्दना कुमारी जेना	आईएएस	नामित निदेशक	खंड (एच)	25.04.2016
10.	श्री जी रमेश	एम.ए.(अर्थ.) फेलो आई.आई.एम.	नामित निदेशक	खंड (एच)	25.04.2016
11.			नामित निदेशक	खंड (एच)	31.03.2015 से रिक्त
12.			नामित निदेशक	खंड (एच)	01.02.2016 से रिक्त
13.	श्री कमल किशोर सिंघल	बी.कॉम., एम.ए., एल.एल.बी., एफ.सी.ए.	शेयरधारक निदेशक	खंड (आई)	31.10.2015
14.	श्री सुनील वशिष्ठ	बी.काम., एफ.सी.ए.	शेयरधारक निदेशक	खंड (आई)	17.09.2016

BOARD OF DIRECTORS

The Board has been constituted in accordance with Section 9 (3) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 and as per the Central Government Gazette Notification No. F 4/1/94-BO.I(1) dated 03.04.1995 as amended vide Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) and Financial Institutions Laws (Amendment) Act, 2006.

Presently the Board comprises of 3 whole time Directors, the Managing Director & Chief Executive Officer and the 2 Executive Directors, appointed by Central Government, 1 Government Nominee Director, 1 RBI Nominee Director, 1 CA Director, 2 Nominee Directors, and 2 elected Shareholder Directors. All the Directors of the Bank, except the Managing Director & Chief Executive Officer and the Executive Directors, are non-Executive Directors. The Managing Director & Chief Executive Officer, in his absence the senior most among the Executive Directors, presides over the Board. The general superintendence, direction and management of the affairs and business of the Bank are vested with the Board of Directors of the Bank.

The present composition and category of the Board of Directors of the Bank are furnished below (as on 31.03.2017):

Sl. No.	Name of the Director	Qualifications	Category of Directorship	Under sub-section of Section 9 (3)	Date of assuming office
1.	Shri Arun Shrivastava	M.Sc., CAIIB, AIBM	Managing Director & Chief Executive Officer	Clause (a)	15.05.2015
2.	Shri Ravi Shanker Pandey	B.Com., M.A. (Eco). LLB (Academic), C.A. (Inter), PGD (Banking), CAIIB	Executive Director	Clause (a)	10.03.2015
3.	Shri CH. S S Mallikarjuna Rao	B.Sc, LLB (G), CAIIB	Executive Director	Clause (a)	15.09.2016
4.	Shri R N Dubey	M.A. (Eco), M.Sc. (MIDP)	Govt. Nominee Director (Official of Central Government)	Clause (b)	15.01.2016
5.	Shri Rudra Narayan Kar	M.A., M.Phil, M.S. (Finance)	RBI Nominee Director (Official of RBI)	Clause (c)	23.02.2015
6.			Workmen Employee Director	Clause (e)	Vacant from 04.09.2016
7.			Officer Employee Director	Clause (f)	Vacant from 17.07.2016
8.	Shri Jayant P Gokhale	B.Com., LLB, F.C.A.	CA Director	Clause (g)	30.08.2016
9.	Ms. Vandana Kumari Jena	IAS	NoD	Clause (h)	25.04.2016
10.	Shri G Ramesh	M.A. (Econ). Fellow IIM	NoD	Clause (h)	25.04.2016
11.			NoD	Clause (h)	Vacant from 31.03.2015
12.			NoD	Clause (h)	Vacant from 01.02.2016
13.	Shri Kamal Kishore Singhal	B.Com., M.A., LLB, F.C.A.	Shareholder Director	Clause (i)	31.10.2015
14.	Shri Sunil Vashisht	B.Com., F.C.A.	Shareholder Director	Clause (i)	17.09.2016

जिन निदेशकों ने 2016-17 के दौरान कार्यग्रहण किया है, उनका एक संक्षिप्त बॉयो-डेटा निम्न प्रस्तुत है:

श्री सीएच एस एस मल्लिकार्जुन राव :

श्री सी.एच.एस.एस. मल्लिकार्जुन राव ने 15.09.2016 को सिंडिकेट बैंक के कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण किया है।

सिंडिकेट बैंक में आने से पहले वे ओरियण्टल बैंक ऑफ कामर्स में महाप्रबन्धक एवं सी.एफ.ओ. के पद पर सेवाएँ प्रदान कर चुके हैं। वे विज्ञान (गणित, भौतिकी एवं रसायन शास्त्र) में स्नातक हैं। उन्होंने एलएलबी, कम्प्यूटर ओरिएण्टेशन्स में सर्टिफिकेट कोर्स व रिलेशनल डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम में एड्वान्सड डिप्लोमा किया है। इसके अलावा वे भारतीय बैंकर्स संस्थान के सर्टिफाइड एसोसिएट भी हैं। उनके पास बैंकिंग व्यवसाय के 31 वर्षों का अपार अनुभव है जिसमें ओरियण्टल बैंक ऑफ कामर्स के महाप्रबन्धक व सीएफओ, तत्कालीन ग्लोबल ट्रस्ट बैंक में सहायक उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने का भी अनुभव शामिल है। उन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 1985 में प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत की थी और कई शाखाओं के शाखा प्रमुख भी रहें। ओरियण्टल बैंक ऑफ कामर्स में आने के पश्चात उन्होंने क्षेत्रीय प्रधान व बैंक के विभिन्न विभागों के प्रभारी महा प्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएँ दीं । क्रेडिट, वसूली, ट्रेजरी, जोखिम प्रबंधन, सूचना प्रोद्योगीकी, प्रबंधन सूचना प्रणाली, खुदरा बैंकिंग, विपणन, प्रचार-प्रसार व वैकल्पिक वितरण चैनल के श्रेत्र में अपार अनुभव है।

श्री जयंत पुरुषोत्तम गोखले

श्री जयंत पुरुषोत्तम गोखले को भारत सरकार द्वारा बैंक के बोर्ड में सनदी लेखाकार निदेशक के रूप में नामित किया गया है और वे दिनांक 30.08.2016 से बोर्ड में कार्यभार ग्रहण किए हैं।

